श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 246, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 16

वेदा का पोस्टर रिलीज 15

## नाम पर विवाद: कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। वहीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के उस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

### बिना सोच विचार के लिया फैसला : जयंत



**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के सहयोगी रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अपना वह आदेश वापस लेने की मांग की, जिसमें कांवड़ मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं।

### रामदेव बोले- योगी का आदेश सही



**हरिद्वार।** योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।

**चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर, सभी जिलों के प्रशासन को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश**

## कांवड़ यात्रा आज से, ड्रोन से होगी निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

**अमृत विचार :** सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस मुस्तैद भी हो गई है। पूरे प्रदेश में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है।



हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

शासन के अधिकारियों ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे लेकर राज्य सरकार ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के साथ ही सावन में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। वृद्धजनों, आशक्त दिव्यांगजनों व महत्वपूर्ण लोगों को दर्शन के लिए निशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त कर दिया गया है। बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है।











## कांग्रेस ने मांगा लोस उपाध्यक्ष पद

### सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने कांवड़-नीट के मुद्दे पर सरकार को घेरने के दिए संकेत

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी



नई दिल्ली में बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते राजनाथ सिंह। ● एजेंसी

दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

- सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई
- आतंकी हमलों और मणिपुर की स्थिति पर भी होगा फोकस

### बैठक के दौरान मुद्दों को सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के लिए राजग ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली।** सर्वदलीय बैठक की कार्यवाही की जानकारी सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के बाद राजग के घटक दलों ने प्रमुख विपक्षी दल की आलोचना की और कहा कि उसे अगली बार ऐसी बैठक में किसी अधिक अनुभवी नेता को भेजने पर विचार करना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मुद्दों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कर दिया। इस पर वह सत्ताधारी गठबंधन के निशाने पर आ गए।

### निर्मला सीतारमण कल पेश करेंगी बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के दौरान मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। सत्र सोमवार से शुरू होगा। यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। इस दौरान 19 बैठकें होनी हैं। सत्र के दौरान सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें एक 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने के लिए है। इस दौरान जम्मू एवं कश्मीर के बजट को भी संसद की ओर से मंजूरी दी जानी है। इस पूर्ववर्ती प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी।

## केरल में निपाह वायरस से किशोर की मौत

कोझिकोड, एजेंसी

केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय किशोर की रविवार को मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उसका इलाज चल रहा था। किशोर पांडिक्कड़ का रहने वाला था और रविवार सुबह 10.50 बजे उसे दिल का दौरा पड़ा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में तीन और पीड़तों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज आ जाएगी। मंत्री ने बताया कि लड़का 11 मई को स्कूल गया था, लेकिन अभी तक लक्षण वाले मरीजों के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे, जिनमें से 63 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। सभी लोगों की जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा हमारे पास राज्य में प्रयोगशालाएं हैं और पुणे एनआईवी से एक सचल प्रयोगशाला राज्य में आ रही है। इस बीच, विपक्ष के नेता



निपाह वायरस का केस मिलने के बाद कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे, जिनमें से 63 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में

वी डी सतीशन ने मौत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि सरकार केरल में सार्वजनिक स्वास्थ्य की गिरावट के मुद्दे को हल करने में विफल रही है। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निपाह के कारण एक किशोर की जान चली गई। इससे पता चलता है कि राज्य में संक्रामक और संचारी रोग अभी भी व्याप्त हैं। विपक्ष ने राज्य विधानसभा में महामारी के प्रसार और सार्वजनिक स्वास्थ्य की गिरावट का मुद्दा उठाया था।

### एक नजर

#### हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी।

#### मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

**मुरैना।** जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।

#### मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया।

## बाइडेन नहीं लड़ेंगे चुनाव कमला हो सकती उम्मीदवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने अपनी सहयोगी भारतवंशी कमला हैरिस के लिए समर्थन दिया है। हैरिस अभी अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। 81 वर्षीय बाइडेन की मानसिक सेहत का जिक्र करते हुए विपक्षी रिपब्लिकन खेमे की तरफ से लगातार उनके उम्मीदवार बने रहने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे।

अमेरिका में चार महीने बाद ही राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। जून में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति बाइडेन के बीच बहस हुई थी, जिसमें बाइडेन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।



- डेमोक्रेट नेता भी उम्मीदवारी वापस लेने का बना रहे थे दबाव

### राष्ट्रपति के रूप में सेवा देना सबसे बड़ा सम्मान

बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में सेवा देना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। हालांकि, मेरा इरादा दोबारा चुनाव लड़ने का था, लेकिन मेरी पार्टी और देश के हित में यही है कि मैं उम्मीदवारी वापस ले लूं।

## प्रदेश में 30 हजार मेगावाट तक पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रविवार को अधिकतम मांग 29,781 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते दिनों 19 जुलाई को अधिकतम मांग 29,304 मेगावाट दर्ज हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के मौसम में अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। सात जुलाई से मांग में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हुआ, जो लगातार जारी है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, 3 तीर्थयात्रियों की मौत, पांच घायल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का निवासी था।



- गौरीकुंड के पास बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा मलबा
- मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का था निवासी

### राहत एवं बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

## बांग्लादेश में फंसे लोगों को हम देंगे शरण : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है।

## यूजीसी-नेट की पुन: परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था।

मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है।

### तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

**पटना।** एनटीए की ओर से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों को आज हिरासती पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया था।

## मुंबई में भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

**मुंबई।** भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।

**अनदेखी** | केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास

## सिंथेटिक ट्रैक नहीं, मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर बेटियां

संजीव पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करती बालिकाएं।

> खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। **-अजय कुमार सेठी,** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।

### सिंथेटिक ट्रैक जरूरी: पद्मश्री सुधा सिंह



पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार की सभी शिवभक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं



आप सभी क्षेत्रवासियों को
श्रावण मास
की हार्दिक शुभकामनायें
लाल बहादुर सिंह
जिलाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, बदायूँ


आप सभी क्षेत्रवासियों को
श्रावण मास
की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. धर्मेन्द्र कुमार
अलीगढ़ हेल्थ केयर सेन्टर
कछला रोड, मुजरिया जिला बदायूँ


आप सभी क्षेत्रवासियों को
सावन माह
की हार्दिक शुभकामनायें
सुभाष चन्द्र
प्रधान
बाबा कॉलोनी, बदायूँ

आप सभी क्षेत्रवासियों को
सावन माह
की हार्दिक शुभकामनायें
संतोष कुमार
नीरज सागर
जिला बदायूँ







आप सभी क्षेत्रवासियों को
सावन माह
की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ. कप्तान सिंह
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला अस्पताल, बदायूँ

बगरैन औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
बगरैन, बदायूँ
आई.टी.आई. कॉलेज
NCVT & DGET भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारम्भ
मो. 9412511333
प्रधानाचार्य
मोहित उपाध्याय
प्रबन्धक
तरुण कुमार वरुण




आप सभी क्षेत्रवासियों को सावन माह की हार्दिक शुभकामनायें
मानव सेवा सर्वोपरि
24 घण्टे इमरजेन्सी
आनन्द क्लीनिक
पता- बदायूँ रोड, बिसौली (बदायूँ)

डॉ. दिपेन्द्र कुमार गुप्ता
बी.ए.एम.एस. (कानपुर)
9412564374

डॉ. गुन्जन गुप्ता
बी.डी.एस (बंगलौर)
8859596699


आप सभी क्षेत्रवासियों को
पवित्र श्रावण मास
की हार्दिक शुभकामनायें

दीपक वर्मा


अरोड़ा परिवार बदायूँ की तरफ से
पवित्र श्रावण मास
की हार्दिक शुभकामनायें

संजीव अरोड़ा
सोनाली अरोड़ा

अभिधा अरोड़ा

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे जितिन प्रसाद, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# जेई की कार्यप्रणाली से उद्योग मंत्री खफा, स्पष्टीकरण मांगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कहा- सुधार न हुआ तो ऊर्जा मंत्री से शिकायत कर करवाएंगे सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार :** केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पात्रों को हर हाल में मुआवजा दिलाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उद्योग मंत्री बिजली विभाग के एक जेई की कार्यप्रणाली से खफा दिखे। उन्होंने एडीएम प्रशासन को जेई से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की शिकायतें आगे भी आती हैं तो ऊर्जा मंत्री से शिकायत कर कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान जितिन प्रसाद ने जनसभा को संबोधित भी किया।

केंद्र सरकार में राज्यमंत्री बनने के बाद जितिन प्रसाद रविवार को पहली बार जिले में पहुंचे। उन्होंने अपने आवास प्रसाद भवन पर पार्टीजनों और क्षेत्र से आए लोगों से मुलाकात की। इसके बाद बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में जाकर आम लोगों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी संजय पांडेय को निर्देशित किया कि बाढ़ पीड़ित लोगों की समस्याओं का युद्ध स्तर पर निदान कराएं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्राम भम्मौली, परसिनिया, चांदापुर, बिजलापुर में गांवों के अलावा आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल जाना। उन्होंने देखा कि बाढ़ राहत सामग्री का वितरण हुआ या नहीं। फसलों के हुए नुकसान का सर्वे शुरू हुआ या नहीं, सड़कों के कटान की स्थिति और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से विद्युत आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सर्वे में तेजी लाए जाने और किसी पात्र व्यक्ति के न छूटने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अजीजगंज चौहनापुर मार्ग में सड़क व पटरी कटान का भौतिक निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि इस कार्य को तेजी से कराकर जनता को स्थाई समाधान दिलाएं।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के चौहनापुर विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति की जानकारी लेने के बाद इस पर असंतोष प्रकट करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन से कहा कि अवर अभियंता की काफी शिकायतें मिल रही हैं, उनसे स्पष्टीकरण लें। अगर भविष्य में जनता फिर शिकायतें करती है तो वह विद्युत विभाग के अधिकारियों पर ऊर्जा मंत्री से कार्रवाई करवाएंगे। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम चांदापुर के पंचायत भवन में वृहद पौधरोपण अभियान के अंतर्गत एक पौध रोपित किया।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद।

#### ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्रा, कौशल मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, प्रियांशु सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, भगवानदीन कनौजिया, जयवीर सिंह, प्रशांत कठेरिया, रोहित सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, अरुण यादव, दिलीप वर्मा, टीटू दीक्षित, सचिन श्रीवास्तव, सर्वेश मिश्रा, अंशु, राम नरेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रुपये मांगना पड़ा भारी ठेकेदार ने युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** कटरा के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी फिरोज ने बताया कि वह अपने परिवार सहित गांव के शकील ठेकेदार के साथ ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। ठेकेदार पर एक साल का 60 हजार रुपये बकाया रह गया था। ठेकेदार ने कहा था कि बकाया रुपये एक सप्ताह के अंदर दे देंगे। 17 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे फिरोज ने ठेकेदार से बकाया रुपये मांगे तो वह गाली देने लगा। आरोप है कि शकील के परिवार वाले आ गए और सरिया से फिरोज को मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने कहा कि दोबारा रुपये मांगे तो जान से मार देंगे। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि ठेकेदार शकील समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मां-बेटे को पीटा, घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुसैनपुर निवासी रिषभ सक्सेना ने बताया कि शनिवार की रात आठ बजे वह अपनी मां मिथलेश सक्सेना के साथ सब्जी खरीदने के लिए निकला था। उसके चाचा संजीव सक्सेना निवासी दुर्गा इंकलेव थाना रोजा स्कूटी से उसके घर आ गए। मकान के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे तथा उसकी मां को पीटकर घायल कर दिया। चाचा उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मंदिर पर कब्जे का प्रयास, वाल्मीकि समाज ने किया प्रदर्शन

### खुटार में मंदिर परिसर के पास मिट्टी डालने पहुंचा डंपर लौटाया, पुलिस ने लोगों को कराया शांत, थाने पहुंचकर दी तहरीर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** वाल्मीकि मंदिर पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मंदिर के पास मिट्टी डालने पहुंचे डंपर को लौटा दिया। डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद महिलाएं और पुरुष थाने पहुंचे। जहां पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

गोला रोड किनारे वाल्मीकि बस्ती बसी हुई है। यह मोहल्ला कोट में आता है। यहां पर महर्षि वाल्मीकि का मंदिर स्थापित है, जिसमें मूर्ति रखी हुई है। मोहल्ले के अमित, राजू, राजीव, सर्वेश, चंदन लाल, ओमप्रकाश, रामश्री, मुकेश, बीरू, पूजा, कुसुम, रीता देवी, लक्ष्मन, जगेश्वरी आदि लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती पर इसी स्थान से शोभायात्रा निकालते हैं। आरोप लगाया कि कुछ साल से मंदिर के साथ ही तालाब की भूमि पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। आसपास करीब पांच बीघा भूमि है। रविवार दोपहर करीब एक बजे उस स्थान पर एक प्रापर्टी डीलर ने डंपर से मिट्टी डलवा दी। शाम करीब तीन बजे फिर से मिट्टी भरा डंपर पहुंचा तो मोहल्ले वालों ने मना कर दिया। आरोप है कि मंदिर परिसर में लगी झंडियों को मिट्टी डालने वालों ने उखाड़ कर फेंक दिया। इससे लोग भड़क गए। विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विवाद बढ़ता देख पुलिस को सूचना दी गई। जहां यूपी 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मिट्टी भरे डंपर को लौटा दिया गया। मोहल्ले वासियों ने पुलिस को बताया कि खुटार थाने में तैनात हल्का सिपाही ने चल रहे भूमि विवाद में शनिवार को आकर लोगों को हड़काया था। जबकि इस मामले में पीड़ितों की तरफ से पूर्व में शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद पुलिस उन लोगों को ही परेशान कर रही है। पुलिस ने मामला शांत कराने के बाद वापस लौट गई। रविवार दोपहर बाद करीब पांच बजे लोग थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।


एकत्र होकर तहरीर लेकर थाने पहुंचे वाल्मीकि समाज के लोग। ● अमृत विचार


सूचना पर पहुंचकर जानकारी लेती डायल 112 पुलिस। ● अमृत विचार

#### 20 दिन पहले की गई थी शिकायत

वाल्मीकि बस्ती के लोगों ने मंदिर परिसर और तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में करीब 20 दिन पहले पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें कहा गया था कि 30 जून शाम करीब छह बजे नगर के मोहल्ला बजरिया के रहने वाला एक व्यक्ति अपने शाहजहांपुर प्रॉपर्टी डीलर साथी और दो-तीन अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा था। जहां भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में लगे झंडा उखाड़ कर फेंकने लगे थे। घर की महिलाओं, बेटियों ने इसका विरोध किया तो गाली गलौज कर अभद्रता की थी। इसके अलावा जेसीबी मशीन और डंपर लाकर मंदिर को तहस नहस करने की धमकी दी थी। जबकि लोगों के सामने आने पर जेसीबी मशीन चढ़ा देने की धमकी भी दी गई थी।

#### मेरे पास नहीं है टाइम डायल 112 मिलाओ

गोला रोड पर स्थित पुल के नीचे महर्षि वाल्मीकि मंदिर और तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में रविवार को फिर से विवाद हो गया। प्रापर्टी डीलर डंपर से मिट्टी डलवा रहे थे। वाल्मीकि बस्ती के लोगों ने इसकी शिकायत खुटार थाने में की। आरोप है कि कार्यवाहक थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि वह एक जरूरी काम से हैं। इसकी शिकायत यूपी 112 डायल पुलिस को दें लेकिन दो पक्षों के आमने-सामने होने पर विवाद बढ़ता जा रहा था। बावजूद इसके पुलिस ने मौके पर जाने की जरूरत नहीं समझी। सूचना पर पीआरवी पुलिस पहुंची तो मामला शांत हो पाया।

#### भूमि का करा दिया गया बैनामा

वाल्मीकि बस्ती के लोगों ने बताया कि मंदिर परिसर और तालाब की भूमि का नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने शाहजहांपुर निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर के हाथ बैनामा कर दिया। कुछ माह पहले भूमि की बिक्री की गई है। रविवार को उक्त व्यक्ति ने अपने चार साथियों के साथ जबरन डंपर से मिट्टी डालने लगा। मना करने पर विवाद कर दिया।

> सूचना मिली थी। डायल 112 मौके पर पहुंची थी। मिट्टी डालने का कार्य बंद करा दिया गया है। राजस्व टीम गठित है। मामले की जांच कराई जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। **- प्रमोद कुमार**, कार्यवाहक थानाध्यक्ष, खुटार


मिट्टी डालने पहुंचे डंपर को रोककर खड़े लोग। ● अमृत विचार


कार्यवाहक थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार से बात करते लोग। ● अमृत विचार

## भुन्नीखेड़ा गांव के तीन नाबालिग दोस्त लापता


प्रेम भारती।


अनुज उर्फ गंगा।

- **परिजनों का बुरा हाल गुमशुदगी की तहरीर दी कलान घूमने गए थे तीनों**


निखिल।

**कलान, अमृत विचार :** गांव से कलान घूमने आए तीन नाबालिग दोस्त लापता हो गए। तीन दिन तक तलाश करने के बाद जब परिजनों को कोई पता नहीं चला, तब शनिवार को गुमशुदगी की तहरीर दी गई। थाना क्षेत्र के गांव भुन्नी खेड़ा निवासी श्रीकृष्ण का पुत्र निखिल (17) एवं प्रेम भारती (12) पुत्र शिवराज, अनुज उर्फ गंगा (17) पुत्र ओमकार, तीनों दोस्त गुरुवार को कलान तक आए लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। तब घर वालों को चिंता हुई और उन्होंने रिश्तेदारियों में एवं परिचितों के यहां तलाश किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। जिस कारण परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तीन दिन बीतने के बाद कहीं दोस्तों का सुराग नहीं लगा, तब परिजन शनिवार को थाना प्रभारी से मिले और थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने बरामदगी का आश्वासन दिया है।

# बदमाशों की तलाश में टीमें हरदोई, बरेली गईं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मोहल्ला मिश्रीपुर में मुर्गी दाना व्यापारी के घर में लाखों की डकैती की घटना**
- **कैमरे में दिखे लेकिन नहीं हो पा रही पहचान, पुलिस ने किया जल्द खुलासे का दावा**

**अमृत विचार :** नकाबपोश बदमाशों द्वारा व्यापारी के घर हुई लूटपाट में पुलिस ने मकान के आस-पास कई कैमरों को चेक किया। कुछ कैमरों में नकाबपोश दिखायी दिए है लेकिन साफ नहीं दिख रहे है। एसओजी तथा पुलिस टीम को कुछ क्लू मिले है। पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में हरदोई व बरेली गई हुई है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि शीघ्र घटना का खुलासा होगा। हाईवे से एक किमी दूर मकान होने पर आशंका व्यक्त की जा रही है बदमाश वाहन से आए होंगे।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी मुर्गी दाना व्यापारी मोहम्मद लईक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 जुलाई की रात में अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ सोया हुआ था। उसी समय पड़ोस के मकान की छत से बदमाश उसके मकान की छत से नीचे जीने के मकान में आ गए। तीन बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से कनपटी पर तमंचा लगा दिया। बदमाशों ने कहा कि अलमारी की चाबी दे दो। उन्होंने डर के कारण अलमारी के लाकर की चाबी दे दी। बदमाश एक लाख 70 हजार रुपये, सोने की झुमकी, सोने के झाले, सोने का हार, झूमर, टीका, दो अंगूठी, पेंडल, ताबीज आदि ले गए। करीब पांच बदमाश थे और सभी बदमाश मुंह में कपड़ा बांधे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए एसओजी तथा थाने की दो टीमों जगाया है।

एसओजी ने व्यापारी से बदमाशों की हुलिया के बारे में जानकारी। पुलिस टीम ने व्यापारी के घर के आसपास लगे कई कैमरों को चेक किया। कुछ कैमरों में दो बदमाश जाते हुए दिखायी दिए है। लेकिन चेहरे साफ नहीं दिख रहे है। व्यापारी का मकान हाईवे से कुछ दूरी पर है, आशंका व्यक्त की जा रही है कि बदमाश वाहन से भी आ सकते है। पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पुलिस को बदमाशों के कुछ क्लू मिले है। पुलिस टीमें बरेली तथा हरदोई गई है। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीमें बाहर गई हुई है और बदमाशों की सुरागरसी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि घटना का शीघ्र खुलासा होगा।

#### कहीं बावरिया गिरोह का हाथ तो नहीं

निगोही थाना क्षेत्र का ईसापुर गांव लुटेरों का गांव है। यहां के बदमाश कई बार पकड़े गए है। जो दूसरे जिलों में लूट तथा चोरी की घटना करके आते है। कई साल पहले सदर बाजार पुलिस ने ईसापुर गांव के लोगों अशफाकनगर चौराहे के पास पकड़े गए थे। पुलिस ने काफी जेवर बरामद किया था। बताते है कि इस गिरोह के लोग दो, तीन दिन पहले मालगोदाम रोड पर देखे गए थे, जो टीन शेड के नीचे पड़े थे। पुलिस की इस गांव पर भी नजर है।

## पुलिस ने गिरफ्तार किए सात वारंटी चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि भैयालाल, मुकेश, रमेश निवासी कुंडरिया थाना परौर, राजवीर निवासी कौही थाना परौर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार, दीपू, सिंह, पूनम दहिया आदि थे। बंडा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त गेंदन लाल निवासी रामपुर हीरा थाना बंडा, छोटे निवासी चिल्हौटा थाना बंडा और छोटे लाल निवासी सिकरहनिया थाना बंडा के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# पुलिस के कहने पर ई रिक्शा से शव लेकर कोतवाली पहुंच गए परिजन

संवाददाता, पुवायां

- **पुवायां में शराब पीने के बाद युवक के नींद से नहीं जागने पर परिजन ले गए थे अस्पताल, वहीं तोड़ा दम**
- **बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले गए थे परिजन, डॉक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली बुलवाया**

**अमृत विचार :** जनकपुर गांव के एक युवक की शराब पीने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम नहीं कराने की मंशा से परिजन मृतक का शव लेकर घर चले गए, लेकिन पुलिस के कहने पर परिजन दोबारा घर से शव को ई-रिक्शा पर रख कर कोतवाली ले आए।

जनकापुर गांव के राम प्रसाद का पुत्र हरिश्चंद्र (35) रविवार को शराब पीकर घर में सो रहा था। काफी देर तक सोने के बाद जब नहीं उठा तो परिजन उसको लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। दूसरी ओर अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दे दी। इनफॉरमेशन रिपोर्ट मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने देखा तो वहां कोई नहीं था। इसके बाद पुलिस ने डॉक्टर से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि परिजन पीएम कराने से इंकार कर रहे थे, इसलिए शव लेकर चले गए। पुलिस ने इंस्पेक्टर को बताया तो इंस्पेक्टर ने परिजनों को थाने बुलाया। इंस्पेक्टर के बुलाने पर परिजन शव को ई-रिक्शा पर रखकर कोतवाली गेट पर ले आ आए।

#### इंस्पेक्टर बोले- पोस्टमार्टम जरूरी लेकिन शव लाने को नहीं कहा था

परिजनों से इंस्पेक्टर ने कहा कि तुम्हें अकेले आने को कहा था। शव लाने को नहीं कहा था। काफी देर तक हुई बातचीत के बाद भी परिजन पीएम कराने से इंकार करते रहे, लेकिन पुलिस का कहना था कि अस्पताल से पीआई आने के बाद पीएम करना आवश्यक है।

#### वार्ता के बाद भी परिजन नहीं हुए तैयार

देर शाम तक पुलिस और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता होती रही और कोई हल नहीं निकल सका। कोतवाल प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अस्पताल से सूचना आई थी। जिसके बाद शव पीएम के लिए भेजा जाएगा।

# नाबालिग ने आठ वर्षीया चचेरी बहन से किया दुष्कर्म

संवाददाता, निगोही

- **12 वर्ष है आरोपी की उम्र, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बालक ने आठ वर्षीया चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि शनिवार सुबह वह परिवार के साथ खेत पर धान की रोपाई करने गए थे। घर में आठ वर्षीया बेटी अपने 12 वर्षीया तहेरे भाई के साथ खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बालक ने चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। खेत पर धान की रोपाई कर रहे परिवार को गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि उनकी बेटी को चोट लग गई है। जानकारी करने पर बेटी ने घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजन उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। पीड़िता के पिता ने मामले की तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। वहीं थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां।** पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के दादा की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया था कि 19 जुलाई को दोपहर में पंद्रह वर्षीया किशोरी घर के पास बघ्घर में पानी भरने गई थी। वहां करन ने उसे जबरन दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## होमगार्ड और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा बुजुर्ग निवासी खूबचंद ने बताया कि वह होमगार्ड है। वह वर्तमान समय में डीएम के आवास पर ड्यूटी कर रहा है। 17 जुलाई की रात साढ़े नौ बजे गांव का अनुज अपने साथियों के साथ लाठी व तमंचा लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। आरोपियों ने कहा कि रोहित को घर से निकालो। वह ड्यूटी करके अपने घर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। होमगार्ड ने बताया कि उसे तथा उसके पुत्र रोहित को जान का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी अनुज, सूरज, शिवम, श्यामपाल व लाल बहादुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

दिक्कत

### अमरोहा में मालगाड़ी डिरेलमेंट होने पर शाहजहांपुर में यात्रियों ने झेली मुसीबत

# राज्यरानी समेत दो ट्रेनें रहीं निरस्त, सियालदह में पैर रखने की जगह नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अमरोहा में मालगाड़ी डिरेलमेंट होने के बाद प्रभावित हुए रेल यातायात की वजह से शाहजहांपुर यात्रियों को मुसीबत झेलनी पड़ी। दोपहर में ट्रैक साफ होने पर संचालन शुरू हुआ। दोपहर करीब दो बजे सियालदह एक्सप्रेस स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन में बैठने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हालत यह थी कि ट्रेन की जनरल बोगी में पैर रखने तक को जगह नहीं थी, इसके चलते तमाम लोगों की ट्रेन छूट गई।

अमरोहा में मालगाड़ी के डिरेलमेंट हो जाने की वजह से डाउन लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस तथा गुवाहाटी एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया। जबकि डाउन लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस पांच दिन से पहले से निरस्त चल रही है। डाउन लाइन की इन दोनों राज्यरानी एक्सप्रेस तथा गुवाहाटी एक्सप्रेस को ट्रेनों को वाया कानपुर होकर निकाला गया। इधर, ट्रेन के इंतजार में खड़े लोगों की स्टेशन पर भीड़ बढ़ती जा रही थी, लोग परेशान हो रहे थे। जब यात्रियों को दोनों ट्रेनों के निरस्त होने की जानकारी मिली तो वह अपने रिजर्वेशन टिकट काउंटर पर वापस कराने पहुंच गए और टिकट वापस कर दूसरे वाहनों से गंतव्य को रवाना हुए। वहीं लखनऊ जाने वाले यात्री सियालदहा एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। दोपहर में रेलवे ट्रैक साफ होने के बाद ट्रेन डेढ़ बजे प्लेटफार्म एक पर आकर खड़ी हुई। जनरल कोच में इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। कई यात्री धक्का मुक्की देकर कोच में चढ़े और चढ़ने को लेकर नोकझोक हो गयी। कई यात्रियों को ट्रेन तक छूट गयी। वहीं डाउन लाइन की नई दिल्ली-लखनऊ मेल, एसी नई दिल्ली-लखनऊ एक्सप्रेस काफी विलंब से आई। डाउन तथा अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस पांच दिन से निरस्त चल रही है।


शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते यात्री। ● अमृत विचार

- **कई लोगों की ट्रेन छूटी, त्रिवेणी एक्सप्रेस पहले से ही चल रही निरस्त, कई ट्रेनें आई देरी से**

#### रोजा में ब्लॉक की वजह से रुकी रहीं ट्रेनें

इधर रोजा स्टेशन नान इंटरलाकिंग कार्य को लेकर अप लाइन पर 11 बजे से एक बजे तक ब्लाक दिया गया। जननायक एक्सप्रेस तथा सीतापुर पैसेंजर को सीतापुर ब्रांच लाइन पर रोक दिया। ब्लाक खत्म होने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरु किया गया। डाउन लाइन की अमरनाथ एक्सप्रेस सात घंटे विलंब से आई। यात्रियों ने मांग की, कि त्रिवेणी एक्सप्रेस का संचालन शुरु किया जाए।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

# ई-बसों में खराबी, अनदेखी ने लगाई करोड़ों की चपत

## ककरा कलां में गर्रा नदी किनारे चार्जिंग प्वाइंट बनाते समय मानकों का नहीं रखा ध्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ककरा कलां में गर्रा नदी किनारे चार्जिंग स्टेशन निर्माण कार्य कराते समय होने वाले जलभराव की स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया गया। यहीं वजह रही कि इस बार की बरसात और गर्रा नदी में आई बाढ़ ने ई-बसों को भारी क्षति पहुंचा दी।

बसों के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे लोगों का कहना है कि बसों का चार्जिंग प्वाइंट एमसीयू, बैटरी, वायरिंग आदि मिलाकर खराब हुए मशीनरी सिस्टम से करीब दो से ढाई करोड़ रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

शहर के पश्चिमी छोर पर बह रही गर्रा नदी किनारे ककला कलां में इलेक्ट्रॉनिक बसों का चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य वर्ष 2021 में शुरू किया गया था, जो वर्ष 2022 में पूरा हो गया। इसके निर्माण कार्य के लिए 2.97 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया था। इस स्टेशन के निर्माण के समय मानकों की अनदेखी की गई, इसके पीछे वजह से थी कि वर्ष 2011-12 के बाद जिले में कभी भी ऐसी स्थिति नहीं बनी कि गर्रा और शहर के पूर्वी छोर पर बह रही नदी पूरी तरह से उफनाई हो। लेकिन इस बार की बारिश में जिले में बाढ़ के हालात पैदा हो गए। इलेक्ट्रिक बस लो फ्लोर बसें होती हैं और जलभराव की स्थिति में उनका चार्जिंग सिस्टम, बैटरी आदि खराब होने की संभावना बन सकती है, इसका ध्यान बसों का संचालन करने वाले जिम्मेदार लोगों और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को ध्यान में रखना चाहिए था।


ई-बस चार्जिंग स्टेशन पर हुए जलभराव में खड़ी बसें। (फाइल फोटो)

• जलभराव की स्थिति को नहीं लिया गंभीरता से अब आई बाढ़ ने लगा दिया पलीता

### ...तो धरातल को किया जा सकता था ऊंचा

जिले में दूसरे स्थान पर चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन के निर्माण के लिए जमीन की अनुपलब्धता की वजह से यदि ककरा में ही निर्माण कराना जरूरी था तो गर्रा में बाढ़ आने की संभावनाओं को देखते हुए धरातल को ऊंचा किया जा सकता था लेकिन इन मानकों की अनदेखी की गई और इसका खामियाजा इस बार की बारिश और बाढ़ के हालात से खुलकर सामने आ गए। नौ जुलाई की रात हुई भारी बारिश के बाद गर्रा में आई बाढ़ से चार्जिंग स्टेशन में पानी भर गया। करीब एक से डेढ़ फिट पानी भर जाने से स्टेशन परिसर में खड़ी बसों को लो फ्लोर मशीनरी सिस्टम पानी में डूब गया और स्टेशन परिसर में खड़ी 24 बसों का मशीनरी सिस्टम खराब हो गया। वहीं चार्जिंग स्टेशन पर चार्जिंग प्वाइंट भी खराब हो गया। एक बस साउथ सिटी में खड़ी थी, इसलिए वह सुरक्षित है।

### 10 जुलाई से बंद है संचालन, कमाई में भी हो चुका है 20 लाख रुपये का घाटा

बरसात और बाढ़ की वजह से ई-बसों का संचालन 10 जुलाई से बंद चल रहा है। जिसे रोमजर्रा सफर करने वाले यात्री परेशान है। नगर निगम की ओर से जिले में चार जनवरी 2022 को 25 ई- बसों का संचालन शुरू किया गया था। इन बसों से एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन दो लाख रुपये की कमाई होती है। बारिश और बाढ़ की वजह से 10 जुलाई से बसों का संचालन बंद होने से कमाई पर असर पड़ रहा है। वहीं यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 10 से 19 जुलाई तक बसों की कमाई भी 20 लाख रुपये की चपत लग चुकी है।

"गुड़गांव व लखनऊ से आई जांच टीम के मुताबिक ई-बसों के पाट्‌र्स में कमी आने से एक बस में करीब पांच से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, इसके अलावा चार्जिंग सिस्टम जहां बसें चार्जिंग में लगाई जाती हैं। वह भी जलभराव की वजह से खराब हो गया है। कुल मिलाकर दो से ढाई करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

–**सीपी पांडेय**, परिचालन प्रबंधक, इलेक्ट्रिक बस, नगर निगम

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# एकजुटता का परिचय दें कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के मण्डल नरेंद्र त्यागी तथा शाखा सचिव शिव कुमार ने रविवार को टिसुआ से तिलहर रेलवे स्टेशन तक स्टेशन मास्टर, सिग्नल विभाग, टीआरडी विभाग, ट्रैकमैन कर्मचारियों से संवाद किया। इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने कहा कि यूनियन राजनीतिक पार्टी नहीं है। यूनियन हमेशा कर्मचारियों तथा रेल उत्थान की सोच रखती है। जो कर्मचारियों के काम के घंटों का निर्धारण, वेतन आयोग का गठन, बोनस, केडर, लार्जेस स्कीम में बच्चों की नौकरी, स्काउट एवं स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी, एसी पास मेडिकल सुविधा, पुरानी पेंशन बहाली आदि की मांगों को लेकर लड़ाई लड़ रही है। कर्मचारी एकजुटता का परिचय देकर साहस दिखाए। संवाद में अजय सिंह, धर्मनाथ, राजीव, राम किशोर, जितेंद्र, समरदीप, अंकित, रामऔतार शर्मा आदि मौजूद रहे।


कर्मचारी से संवाद करते नरमू पदाधिकारी। • अमृत विचार

• नरमू ने रेल कर्मचारियों से किया संवाद

### इलाज में लगे रुपये न देने पर केस दर्ज

पुवायां, अमृत विचार : जठियापुर बुजुर्ग गांव के सुमित कुमार पुत्र मुन्नालाल ने नाहिल गांव के अमन पुत्र मोतीलाल जाटव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। सुमित ने बताया कि 8 अप्रैल को वह घर से बहनोई सचिन के साथ बाइक से पुवायां किसी कार्य से आया था। बंडा रोड पर अमन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके दाहिने पैर के अगूंठे में काफी चोट लग गई। पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद मेडिकल कराया गया। लोगों ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील की दुकान पर बैठकर समझौता करा दिया। समझौते में अमन ने कहा कि सुमित कुमार की इलाज में जो भी खर्च होगा वह देंगे। काफी दिन इलाज चलने के दौरान अमन से इलाज के रुपये मांगे तो वह टालता रहा और रुपये नहीं दिए। इलाज से लाभ नहीं मिलने पर दाहिने पैर का अगूंठा ऑपरेशन कर काट दिया। सुमित कुमार ने एनआईएचआईएल के अमन पर बाइक से टक्कर मारने और हादसे में आई चोट चोट से पैर का अंगूठा काटने, अंग भंग होने, इलाज के पैसे नहीं देने का केस दर्ज कराया है।

# वरुण अर्जुन के शिविर में निःशुल्क जांचा गया ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका टाउनहॉल तिलहर में निशुल्क सामान्य रोग मेडिसिन चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कैंप में मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई। सामान्य दवाइयां निःशुल्क दी गई। इस मौके पर सीटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर सीबीसी, केएफटी, एलएफटी एवं ईसीजी की जांचें निशुल्क की जाएंगी। अस्पताल के सामान्य रोग विभाग में टीएमटी, इको, खून की जांचें सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर भारी छूट, सामान्य रोग विभाग के सभी गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में, आईसीयू की सुविधा 24 घंटे सस्ती दर पर उपलब्ध है। अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 में उपलब्ध है जो एक वर्ष के लिए मान्य है। चिकित्सा शिविर में सामान्य रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. राजेश वर्मा की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।


शिविर में परामर्श देते चिकित्सक।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में 260 मरीजों को वितरित कीं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को जैतीपुर क्षेत्र के गांव डभौरा में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 275 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें आठ मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जायेगा।

शिविर में 110 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर, 165 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई। लगभग 260 मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन और अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। जो अस्पताल द्वारा 200 रुपये में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर एवं मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ती दरों पर उपलब्ध है। शिविर में सूर्यप्रताप सिंह (सौरभ भईया) व ब्रजेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के डॉ. विश्वजीत, डॉ. देवड़ा क्रूपा, डॉ. नवनाथ शेलर, डॉ. रिव्या सिंह व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।


शिविर में जांच करतीं चिकित्सक। • अमृत विचार

• जैतीपुर क्षेत्र के गांव डभौरा में हुआ मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# श्रावण मास शुरू, भोलेनाथ की आराधना को मिलेंगे पांच सोमवार

## ढंग से सजाए गए शिवालय, मंदिरों के बाहर लगी बेलपत्र, पुष्प, मिष्ठान की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आदिदेव महादेव की विशेष आराधना-उपासना का महीना सावन इस बार सोमवार से शुरू हो रहा है। खासबात यह है कि महीने का समापन भी सोमवार से ही होगा।

यानि कि इस बार भोले बाबा के भक्तों को पांच सोमवार अपने आराध्य की उपासना के लिए मिलेंगे। बाबा के भक्तों ने सोमवार से शुरू होने वाले श्रावण मास की तैयारियां पूरी कर ली हैं। सावन के सोमवार को शिवालयों में उमड़ने वाले भक्तों के रुझान को देखते हुए प्रमुख शिव मंदिरों की भव्यता के साथ सजावट की गई है। जलाभिषेक के लिए मंदिरों के महंतों ने भी व्यवस्था कर रखी है। यदि कोई श्रद्धालु मंदिर में खाली हाथ जाता है, तो उसे शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए जल की व्यवस्था मंदिर से ही उपलब्ध कराई जाएगी। बेलपत्र, पुष्प, मिष्ठान आदि के लिए मंदिरों के बाहर और प्रमुख चौराहों और गलियों में भी लोगों ने अस्थाई तौर पर दुकानें लगानी शुरू कर दी हैं। चौक स्थित बाबा चौकसीनाथ के प्राचीन मंदिर



बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में सजी प्रतिमाएं।

में हर बार की तरह भोले बाबा के भक्तों के लिए बेलपत्र, फूल, चंदन, रोली-अक्षत, भांग आदि की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं को महीने के हिसाब से इस सुविधा का भुगतान करना होगा। महानगर के प्रख्यात बाबा विश्वनाथ मंदिर के महंत पंडित देव शरण तिवारी ने बताया कि श्रावण मास के महत्व को देखते हुए मंदिर और देव स्वरूपों का श्रृंगार कर पूजन के लिए तैयार कर लिया गया है। मंदिर में सुबह-शाम श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार पूजन के लिए आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि के साथ बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, चंदन, अक्षत, मिष्ठान, दक्षिणा



बाबा विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग और नंदी महाराज का श्रृंगार करते महंत।

अर्पित करने से भक्तों के पापों का क्षरण होता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस महीने में लोगों को अपने आराध्य आदिदेव महादेव की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करनी चाहिए। ऐसा करने से भोले बाबा सभी के दुख-दर्द हर लेते हैं और भक्तों के जीवन को खुशहाल बनाते हैं।

### कांवड़ियों को रास्ता बताने के लिए लगे बैनर

सावन महीने में कांवड़ से गंगाजल लाकर भोले नाथ का अभिषेक करने का भी बहुत महत्व है। कांवड़ यात्राओं के लिए भी लोगों ने अपने मित्रों, आसपास के लोगों और सगे संबंधियों के साथ जत्थे बनाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, जिला और पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्राओं के दृष्टिगत तैयारियां पूरी कर ली हैं। महानगर में गर्रा क्रासिंग पुलिस चौकी राजघाट से लेकर केरूगंज, पुत्तूलाल चौराहा, रेती मार्ग, खिरनीबाग चौराहा, सुभाष चौराहा (हथौड़ा चौराहा) आदि प्रमुख चौराहों और मोड़ पर कांवड़ यात्रियों को गोला गोकर्णनाथ यानि छोटी काशी की ओर जाने वाले रास्तों को इंगित करने के लिए बैनर लगा दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

# ...तो क्या गड्ढों में कंकड़ से होकर गुजरेंगे कांवड़िए



याकूबपुर तिराहे के पास टूटे नाले का सड़क पर पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- **निर्देशों के बाद भी यात्रा वाले रूट को नहीं किया जा सका दुरूस्त**
- **आज से शुरू हो रहा सावन का महीना, जिम्मेदार बने बेपरवाह**

**अमृत विचार:** आज से सावन का माह की शुरुआत हो रही है। पहले सोमवार से लेकर पूरे माह तक शिवमंदिरों में बम-बम, भोले की गूंज के साथ कांवड़ियों की यात्रा भी शुरू होगी। लेकिन जर्जर सड़कों को अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। जिम्मेदार बेपरवाह नजर आ रहे हैं।

सावन माह में कांवड़िया घटियाघाट से जल लेकर(कांवड़) लेकर अल्हागंज होते हुए जलालाबाद के रास्ते गोला गोकर्णनाथ तक जाते हैं, इन रास्तों पर गड्ढों की भरमार है। जिससे कावंड़ियों के चोटिल होने की भी संभावना है। याकूबपुर तिराहे पर हाईवे किनारे बनाए गए नाले टूट गए थे, जिनका मलबा रोड पर डाल दिया गया, जिसे अभी तक हटाया नहीं गया है। सरकार की ओर से कांवड़ियों के निकलने वाले रास्ते पर गड्ढे भरने का कार्य व ढीले तारों को दुरुस्त करने और ट्रांसफार्मर को ढकने के लिए कहा गया था लेकिन अभी तक जिम्मेदार अधिकारियों ने यह कार्य शुरू नही कराया है। इसमें पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। वैसे तो कांवड़ यात्रा की शुरुआत सावन माह के साथ ही हो जाती है लेकिन कांवड़ियों के भारी संख्या में निकलने का सिलसिला एक से दो सप्ताह बाद शुरू होता है।

पेज 10 पर भी पढ़े शाहजहांपुर की खबरें
























## महिला के कुंडल लेकर उचक्के फरार

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के बिजलीघर चौराहे के निकट रविवार की दोपहर एक वृद्ध महिला को झांसे में लेकर दो उच्चके उसके कानों के कुंडल लेकर फरार हो गए।

पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की है। थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी इंद्रावती पत्नी भूरे सिंह ने बताया कि दोपहर को कुछ सामान खरीदने के लिए कस्बे में आई थी। तभी बिजलीघर चौराहे के पास दो उच्चके रास्ते में मिल गए। उन्होंने इधर-उधर की बाते करके उसे झांसे में ले लिया और कानों के कुंडल उतरवा कर फरार हो गए। उसने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी है।

### सावन का पहला सोमवार आज : पटना देवकली शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

# रावण यहां पूजा करने आता था, गुरु शुक्राचार्य ने की हजारों वर्ष तपस्या

उसावां, संवाददाता

- एक हजार साल तपस्या पूरी करने पर एक शिवलिंग स्थापित किया था
- संजीवनी विद्या हासिल करने के लिए दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने की तपस्या

**अमृत विचार :** सावन के महीने में देश के कोने-कोने में छोटे-बड़े सभी शिव मंदिरों में शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं। जिले की सीमा से सटे शाहजहांपुर के थाना क्षेत्र कलान के पटना देवकली गांव में बने शिव मंदिर का एक विशेष इतिहास है। इस मंदिर पर जलाभिषेक करने से लोगों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मंदिर के पुजारी अवधेश गिरी के अनुसार सतयुग में रावण के गुरु शुक्राचार्य ने खुद यहां आठ हजार वर्ष तक तपस्या की थी। बाद में त्रेतायुग में खुद रावण यहां पटना देवकली मंदिर में शिव की पूजा करने आता था।

आमतौर पर मंदिरों में एक ही शिवलिंग होता है लेकिन पटना देवकली मंदिर में 8 शिवलिंग हैं। जो कि दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने स्थापित किए थे। पुजारी के अनुसार हजारों साल पहले दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने इसी जगह पर गंगा के किनारे 8 हजार साल तक भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की थी। उनके द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न कर संजीवनी विद्या हासिल की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने तपस्या के दौरान 1000 साल की तपस्या पूरी होने पर एक शिवलिंग स्थापित किया था। आठ हजार सालों तक तपस्या करने के दौरान उनके द्वारा 8 शिवलिंग स्थापित किए। 8 शिवलिंग होने की वजह से मंदिर की एक अलग ही पहचान बन गई है।

इस मंदिर पर दैत्य गुरु शुक्राचार्य के बाद रावण ने पूजा की थी। वह हर श्रावण मास के दौरान भगवान शिव की पूजा करने आता था। सावन माह में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने आते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया की सावन के सोमवार का विशेष महत्व होता है। सावन में सोमवार के दिन भक्तों के द्वारा सच्ची निष्ठा व विधिवत ढंग से पूजा अर्चना करने से जीवन में आने वाले कष्ट दूर हो जाते हैं।


पटना देवकली मंदिर में शिवलिंग।


मंदिर पटना देवकली ।

## टोकरी में रखकर कर रहा था नाग का प्रदर्शन, सपेरा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पशु प्रेमी की सूचना पर वन विभाग के उपनिरीक्षक ने सपेरे को पकड़ा

**अमृत विचार :** वन विभाग ने नाग को टोकरी में रखकर प्रदर्शन करने वाले सपेरे को पकड़ा है। उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सपेरे के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। सपेरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वन विभाग के उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे पीपल्स फार एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी ने उन्हें सूचना दी कि अलापुर रोड स्थित मंडी समिति के पास पेट्रोल पंप पर एक सपेरा नाग लेकर घूम रहा है। वह, वन दारोगा व हमराह मथुरा सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना सही पाई गई। सपेरा लोगों को नाग दिखा रहा था। उपनिरीक्षक ने सपेरे की तलाशी ली तो उसके पास टोकरी में काले रंग का नाग मिला। वह सपेरे को कोतवाली सिविल लाइन ले आए। जहां उसने अपना नाम जिला कन्नौज के थाना विशनुगढ़ क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी कन्हैया नाथ पत्र ओमकार नाथ बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग ने नाग जंगल में छुड़वा दिया।

## व्यक्तिगत परीक्षा के लिए बनाए 15 पंजीकरण केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हाईस्कूल व इंटर पत्राचार के लिए कुल 4 कॉलेजों को बनाया गया अग्रसारण केंद्र
- हाईस्कूल के 600 व इंटर के अधिकतम 400 आवेदन फॉर्म कर सकते हैं अग्रसारित

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के हाईस्कूल व इंटर के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए पंजीकरण केंद्रों का निर्धारण किया गया है। परीक्षार्थियों के पंजीकरण के लिए जिले के 15 कॉलेजों को अग्रसारण केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्र हाई स्कूल के अधिकतम 6 सौ और इंटर अधिकतम चार सौ आवेदन अग्रसारित कर सकते हैं।

डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि 2024-25 के लिए हाईस्कूल व इंटर में संस्थागत के साथ ही व्यक्तिगत परीक्षा के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाईस्कूल व इंटर के लिए 11 केंद्रों पर व्यक्तिगत और पत्राचार के लिए चार दो कॉलेजों को अग्रसारण केंद्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिसौली, राजकीय इंटर कॉलेज बदायूं, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बदायूं, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दातागंज, राजकीय हाई स्कूल सतेती नगला, राजकीय इंटर कॉलेज नाधा, राजकीय हाई स्कूल गुरगांव, राजकीय हाई स्कूल दहेमू, राजकीय इंटर कन्या इंटर कॉलेज सैदपुर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज चौडेरा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल अर्सिस बर्खिन व्यक्तिगत अग्रसारण/ पंजीकरण केंद्र बनाया गया है। जबकि इंटर पत्राचार व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए राजकीय इंटर कॉलेज बदायूं, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, मदन लाल इंटर कॉलेज बिसौली और प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान को केंद्र बनाया गया है। केंद्र हाईस्कूल 600 व इंटर के अधिकतम 400 आवेदन भरवा सकेंगे।

## खड़ंजा निर्माण को लेकर पथराव-फायरिंग दो घायल, गांव में तनाव

**कुंवर गांव,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दुगरइया में खड़ंजा निर्माण को लेकर शुरू हुआ विरोध अब और तूल पकड़ता जा रहा है। आज फिर दोनों पक्षों में ईट पत्थर और फायरिंग हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है।

गांव में ग्राम पंचायत द्वारा खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं एक पक्ष के द्वारा विरोध करने पर दूसरा पक्ष भी सामने आ गया। दोनों पक्षों में गुटबंदी हो गई है। बृहस्पतिवार को एक ही समुदाय के मीनू और शराफत में खड़ंजे के विरोध को लेकर टकराव हो गया, दोनों तरफ से जमकर ईंट पत्थर चले, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने एक पक्ष के मीनू ,आलिम और दूसरे पक्ष के शराफत को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर शांतिभंग में चालान कर दिया । तभी से दोनों पक्षों में आग सुलग रही थी। अंदरखाने दोनों पक्षों ने लड़ाई के रूपरेखा तैयार कर ली थी । जिसके बाद रविवार शाम को दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। जमकर ईंट पत्थर लाठी डंडे चले, एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी । झगड़े में दो लोग घायल हुए हैं । घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# कछला गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया स्नान और गुरु पूजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रविवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर कछला गंगा घाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य लाभ कमाया। जिले की सभी गंगा नदियों पर स्नान के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए। गंगा किनारे बैरिकेडिंग की गई जिससे कोई हादसा न हो सके। कछला गंगा घाट पर कई सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

रविवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर कछला गंगा घाट पर सुबह चार बजे ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने स्नान शुरू कर दिया। गंगा घाटों पर विशेष सुरक्षा के चलते लोगों को गहरे पानी में नहीं जाने दिया। सुरक्षा की दृष्टि से एक दिन पहले ही गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। पुलिस और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए।

गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आस्था की डुबकी लगाई। गंगा किनारे हवन पूजन किया गया। गंगा मैया की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। गंगा में पानी अधिक होने के कारण गोताखोरों को भी घाटों पर लगाया गया। कछला गंगा में मथुरा, राजस्थान आगरा बरेली हाथरस, कासगंज, संभल आदि जिलों के लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। गंगा घाट पर सुबह से लेकर शाम तक स्नान करने वालों का जमघट लगा रहा। गुरु पूर्णिमा होने के कारण आज जगह जगह हवन पूजन किया गया। एसडीएम सदर सुखलाल वर्मा सहित अनेक सेक्टर मजिस्ट्रेट गंगा घाटों पर यातायात सुचारू करने में लगे रहे। प्रशासनिक अफसर भी गंगा घाटों पर नजर बनाए रहे।


उसहैत के अटेना घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


कछला में गंगा स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### दो किमी तक फंसे रहे श्रद्धालुओं के वाहन, तीन घंटे रहा जाम

गुरु पूर्णिमा के मौके पर कछला गंगा घाट पर स्नान को जाने वाले श्रद्धालुओं का रेला कछला से दो किमी पहले से लग गया। जिससे गंगा घाट तक सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। ट्रकों को आज नहीं निकलने दिया गया फिर भी अन्य वाहनों की संख्या सैकड़ों में होने के कारण गंगा घाट तक पहुंचने में पसीना छूट गया। करीब तीन घंटे तक गंगा घाट से लेकर कछला चौराहे तक जाम लगा रहा। उधर कछला पुल पर भी काफी देर तक जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे। कछला चौराहे से लेकर गंगा घाट तक रोड पर करीब तीन सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए जबकि 21 दरोग भी सुबह चार बजे से ड्यूटी पर पहुंच गए। अन्य पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी मेला स्थल पर रही। जाम खुलवाने में पुलिस का पसीना छूट गया।

### सहसवान में सरसोता पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

क्षेत्र के सरसोता पर रविवार को हजारों लोगों ने स्नान कर पूजन किया। यहां पर भी आज बड़ा मेला लगा, जिसमें आस पास के हजारों लोगों ने जमकर खरीदारी की। सरसोता पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। यहां पर सुबह चार बजे से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं को रेला लगा रहा। महिलाओं ने बच्चों के मुंडन संस्कार कराए। हवन पूजन के बाद कई जगह पर प्रसाद वितरण किए गए।

### उसहैत क्षेत्र के घाटों पर कराई गई बैरिकेडिंग

**उसहैत ।** गुरु पूर्णिमा पर अटेना, कटरा, भुंडी,घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। रविवार को नगर क्षेत्र व दूरदराज से आये हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने श्री कालसेन बाबा मंदिर पक्का पुल हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया, गुरु पूर्णिमा के मौके पर हजारों ने हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने गुरु पूर्णिमा से एक दिन पहले अटेना, कटरा, भुंडी घाट पर बैरिकेडिंग कराई, गंगा किनारे पुलिस बल तैनात रहा। किसी तरह की किसी को असुविधा न हो इस पर पुलिस ने विशेष ध्यान दिया।

### बिल्सी में आज निकलेगी महाकाल बाबा की शाही सवारी

**बिल्सी ,अमृत विचार :** श्रवण माह के पहले सोमवार को बाबा की शाही सवारी निकाली जाएगी। बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। अटल चौक स्थित शिव शक्ति भवन में 22 जुलाई, को बाबा के परम भक्त कैलाश, परमानंद वार्ष्णेय और उनकी पत्नी तनुश्री वार्ष्णेय द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार कराया जाएगा।

## बाइक से गिरकर पीछे आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से दबा बालक, मौके पर मौत

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में रविवार दोपहर लगभग तीन बजे 10 साल का एक बालक बाइक से नीचे गिर गया। पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से कुचल गया। मौके पर ही बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव सतेती निवासी 10 साल का आदित्य उर्फ अद्दू पुत्र विनोद रविवार दोपहर लगभग तीन बजे अपने चाचा के साथ बाइक पर बैठकर नगर बिल्सी आ रहा था। वह बाइक पर पीछे बैठा था। बाइक देववाणी चौराहे के पास पहुंची। आदित्य अचानक बाइक से सड़क पर गिर गया। पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली से कुचल गया। बालक की मौके पर ही मौत हो गई।


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### टैंपो से भिड़ी ट्रैक्टर ट्राली, पांच घायल

**बिसौली ,अमृत विचार :** सवारियों से भरे टैंपो और मक्का भरी ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर हो गई। दोनों वाहन खंती में पलट गए। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसा कोतवाली बिसौली क्षेत्र में बिल्सी-इस्लामनगर मार्ग पर निजरा मोड़ के पास हुआ। एक टैंपो सवारियां लेकर आ रहा था। रानेट पुल के पास टैंपो को बचाने के चक्कर में सामने से आई मक्का लदी ट्रैक्टर-ट्राली टैंपो से टकराकर खाई में पलट गई।

## बिल्सी में ब्रह्माकुमारी केंद्र पर सम्मानित हुए सांसद आदित्य यादव

**बिल्सी , अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या एक टीचर्स कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पर रविवार को सांसद आदित्य यादव पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। केंद्र प्रभारी बीके ऊषा ने आत्मा, परमात्मा की पहचान बताते हुए कहा कि हम सबको एक होकर नई दुनिया लानी है। इस मौके पर केंद्र की सभी पदाधिकारी मौजूद रहीं। इसके अलावा सांसद आदित्य यादव ने नगर में कई कार्यक्रम में पहुंच कर हिस्सा लिया। साथ ही पिछले दिनों कई लोगों की हुई मौत के बाद उनके परिवार के लोगों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर कविंद्र सक्सेना, अवधेश यादव, सुनील यादव, अमजद खान, अकरम कुरैशी, रईस अहमद, सईद अहमद, चेतन यादव, किशोरी लाल शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

## नर्सिंग होम से बच्चा चोरी का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गांव के एक गरीब व्यक्ति ने शहर के एक निजी नर्सिंग होम में अपनी गर्भवती पत्नी का प्रसव कराया। नर्सिंग होम से नवजात को पहले बीमार बताया गया उसके बाद कहा कि उसकी मौत हो गई, इसलिए शव को फेंक दिया। पीड़ित ने कहा कि उसके नवजात पुत्र ने आशा और अस्पताल संचालक ने मिल कर बेंच दिया है। अब वह बच्चा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराएगा। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत सीएमओ से भी की है। उधर, देर शाम बच्चा मिलने की सूचना नर्सिंग होम संचालक ने दी है।

थाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम पातरचोहा निवासी रियासत अली ने गांव की आशा कार्यकत्री के कहने पर अपनी गर्भवती पत्नी अफसाना को शुक्रवार को शहर के मीरा सराय स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। रियासत अली से उसी समय 15 हजार रुपए जमा करा लिए। शाम को पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद अस्पताल कर्मियों ने बताया कि शिशु की हालत ठीक नहीं है उसे मशीन में रखा गया है। रियासत अली ने शिशु को देखने की बात कही तो उसे नवजात को दिखाया भी नहीं गया। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि कि बच्चे की हालत ठीक नहीं है। रियासत अली ने बताया कि जब देर रात करीब 11 बजे उसने फिर अपने बच्चे को देखना चाहा तो बताया गया कि उसकी मौत हो गई, इसलिए शिशु के शव फेंक दिया।



- पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर, देर शाम बच्चा मिला
- सहसवान क्षेत्र के परिवार की महिला को जन्मा था पुत्र

> शहर के किसी निजी अस्पताल में बच्चा चोरी का मामला संज्ञान में आया है। अब पता किया जाएगा कि मामला क्या है। कौन सा अस्पताल है। क्या वह अवैध है या फिर मानक के अनुसार चलाया जा रहा है। -डा. मनोज झा, एसीएमओ

यह सुनते ही रियासत अली और उसकी पत्नी चीखने चिल्लाने लगे। अस्पताल के बाहर भीड़ जुट गई। शनिवार को जब उसने अस्पताल संचालक से अपने पुत्र के बारे में बात की तो महिला संचालक ने साफ कहा कि उसका बच्चा बीमार था। तमाम लोग नर्सिंग होम पर एकत्र हो गये। रियासत अली ने बताया कि गांव की आशा के कहने पर उसे यहां पर भर्ती करा दिया। आरोप था कि अब आशा और अस्पताल संचालक ने मिल कर बच्चा बेच दिया है। रियासत अली ने एक शिकायती पत्र सीएमओ को दिया। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल संचालक ने कहा है कि बच्चा मिल गया है। उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती करा दिया था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

## एक नजर

### पैसेंजर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बिसौली/दबतरा :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में बरेली रेलवे लाइन पर गांव ततारपुर के पास बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन से कटकर रविवार शाम छह बजे एक युवक की मौत हो गई। लोगों की भीड़ लग गई। ट्रेन भी रुक गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की शिनाख्त पास के गांव अहरौली निवासी राकेश सिंह मीना पुत्र मेघ सिंह मीना के रूप में हुई। पुलिस ने शव ट्रैक से हटाया और ट्रेन रवाना हो गई। परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। युवक की पत्नी सिंडौली, बेटी नेहा, चंचल, भावना व बेटे विशाल का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### गुरु पूर्णिमा पर गुरु को किया सम्मानित



**बदायूं, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर्व पर अटल विचार मंच ने रविवार को अपने संरक्षक राजनीतिक गुरु एवं पूर्व विधायक गंगा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित प्रेम स्वरूप पाठक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कश्यप एडवोकेट, सचिव अजय शर्मा, संजीव पाराशरी, अमन शर्मा, एडवोकेट विराट दुबे, अरविंद वाल्मीकि एडवोकेट डॉक्टर पंकज सिंह, विमल कुमार शर्मा एडवोकेट, रविंद्र जौहरी एडवोकेट, ओमप्रकाश कश्यप, सुरेंद्र पाल शर्मा, चौधरी विजयपाल सिंह, राजेश बाबू शर्मा एडवोकेट, मदन लाल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में शिष्य उपस्थित रहे।



कांवड़ियों के मार्ग का निरीक्षण करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार



गंगा जल लेने को ट्रॉली में बैठकर जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार

# डीएम-एसएसपी ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा, जलाभिषेक आज

## सावन के पहले सोमवार को शिवभक्तों की राह तो आसान लेकिन डायवर्जन के कारण यातायात व्यवस्था रही चौपट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सावन का महीना शुरू हो गया। श्रद्धालु मंदिरों में जाकर जलाभिषेक करेंगे। रविवार को रूट डायवर्जन जारी रहा। बसों के परिचालक पुलिस से आगे जाने का आग्रह करते नजर आए लेकिन सुरक्षा के मद्देजनर उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया। डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कांवड़ियों के रूट का जायजा लिया। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा भी की।

कांवड़ियों के रूट कछला, दहमू, उझानी, राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास बने पुलिस सहायता केंद्र के उद्घाटन के बाद एसएसपी ने कछला गंगा घाट तक सुरक्षा व्यवस्था देखी। बताया कि पुलिस सहायता केंद्र पर कांवड़ियों के लिए 24 घंटे स्वच्छ जलपान और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी। एसएसपी ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। उन्हें फल और पानी वितरित किया। कांवड़ियों से बात करके रूट के मामले में जानकारी की। उनकी कुशलता पूछकर रवाना किया। सीओ सिटी आलोक मिश्रा, बिल्सी, उझानी सीओ शक्ति सिंह, नगर पंचायत कछला के चेयरमैन मौजूद रहे।





कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार



यातायात उपनिरीक्षक से वाहन निकालने का आग्रह करता रोडवेज बस का परिचालक। ● अमृत विचार

### दुकानों पर नाम लिखने का कानून वापस ले भाजपा : सांसद

**बदायूं :** सांसद आदित्य यादव रविवार को बदायूं पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। बिल्सी कस्बा में हादसे में मौतों के बाद परिजनों को सांत्वना देने पहुंचने के दौरान पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने कांवड़ यात्रियों के मार्ग पर दुकानों पर दुकानदार और स्टाफ का नाम लिखने को गलत बताया। कहा कि भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। वह हिंदू-मुस्लिम की बातें करके इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। जिसके चलते जनता में नाराजगी है। जिसका खामियाजा भाजपा को भुगतना होगा।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर रहेंगी पांच औषधि वैन, 12 बाइक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा ड्रग एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान लगने वाले कैंपों और भंडारों पर नजर रखने को लेकर चर्चा की गई।

सीएल यादव, सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय एवं लवकुश प्रसाद, औषधि निरीक्षक ने ड्रग एसोसिएसन पदाधिकारियों को बताया कि विभाग द्वारा पांच मोबाइल वैन एवं 12 मोटर साइकिल का संचालन किया जायेगा। इनके द्वारा कांवड़ियों की सेवा के लिए प्राथमिक उपचार को औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसके संचालन के लिए एक कंट्रोस रूम भी स्थापित किया गया है। मोबाइल वैन एवं दो पहिया वाहनों को विभिन्न रूटों पर संचालित किया जाएगा। जिसमें स्नान घाट भागीरथ (कछला) से उझानी कल्यान सिंह चौक तक, कल्यान सिंह चौक से बदायूं खेड़ा नवादा तक, खेड़ा नवादा से विजय नगला तक (बरेली रोड), बदायूं लालपुल से उसावां तक (फर्रुखाबाद रोड), स्नान भागीरथ (कछला) से बिल्सी तक बांया बितरोईं पर संचालित होगी। इसके अलावा बिरूआबाड़ी मंदिर पथिक चौक नौशेरा, बिल्सी, इस्लामनगर, दातागंज, उझानी, अलापुर, म्यॉऊ, उसाँवा, बिनावर, कछला, उसहैत, कुँवरगांव, बिसौली एवं कादरचौक में कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर औषधि विक्रेता अखिल रस्तोगी, शिव स्वरूप गुप्ता, अशोक नारंग, राजेश रस्तोगी, सरदार रणजीत सिंह, हेमंत सारस्वत आदि मौजूद रहे।



ड्रग एसोसिएसन पदाधिकारियों के साथ बैठक करते अभिहित अधिकारी।

- **कांवड़ के दृष्टिगत ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक**
- **कांवड़ियों की सेवा के लिए उपचार को औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी**

## सड़कों पर दौड़ते हैं खनन के वाहन किसान परेशान

**बिसौली, अमृत विचार :** शासन के आदेश के बावजूद नगर व देहात में धड़ल्ले से खनन हो रहा है। रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी खनन में लगे हैं। प्रशासन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। हालत यह है कि आधी रात से शुरू होकर अवैध खनन सुबह तक चलता रहता है। खेत में खड़ी किसानों के जमीन तबाह कर देते हैं। किसानों की अनुमति के बिना उनके खेत से मिट्टी उठा ली जाती है।

प्रशासन ने कागजों में तो अवैध खनन पर रोक लगा दी है लेकिन धरातल पर रोक नहीं है। जिससे बिसौली क्षेत्र के गांवों के आसपास रात भर अवैध खनन किया जाता है। शिकायत करने पर भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वहीं रात-रात भर ट्रैक्टर चले रहने के कारण नगरवासियों की नींद भी खराब हो रही है। हालत ऐसी है कि माफिया ने नरेगा से पड़े चकरोड के रास्तों को तोड़ दिया है, लेकिन विभाग उन रास्तों तक नहीं पहुंच पा रहा है या फिर उन रास्तों को देख कर अनदेखा किया जा रहा है।

लोगों की ओर से राजस्व व पुलिस विभाग को बार-बार सूचना देने के बावजूद ट्रैक्टर चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। भारतीय किसान संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव का कहना है प्रशासन की मिलीभगत से ग्रामीण क्षेत्र से रात के अंधेरे मे अवैध खनन हो रहा है, शिकायतों पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

> अगर कोई ट्रैक्टर ट्राली खनन करते मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
> – **कल्पना जायसवाल,** एसडीएम

# खितौरा सुपर किंग्स ने 3 विकेट से जीता फाइनल मैच

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कस्बा खितौरा में रविवार बाज़ार मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट खितौरा प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में खितौरा सुपर किंग्स ने खितौरा राइडर्स को 2 विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। 71 रन बनाने वाले विशाल सिंह मैन ऑफ द मैच बने।

रविवार को हुए फाइनल मैच में टॉस जीतकर राइडर्स ने पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मात्र 10 रन पर दो विकेट खो दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे अंशुल भारद्वाज और शिवम भारद्वाज ने पारी को संभाला। दोनों ने 49 रन की साझेदारी की।

इसके बाद उज्जवल और मोनू राणा ने धुआंधार बल्लेबाजी की, और टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 137 पर पहुंचा दिया। सुपर किंग्स की ओर से आदेश रघुवंशी तीन व नितिन प्रताप और हिमांशु भारद्वाज ने दो- दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स के कप्तान तेजेन्द्र सोलंकी और नितिन प्रताप सिंह ने अच्छी साझेदारी की। राइडर्स की तरफ से टिंकू पाल व अमित ठाकुर ,नितिन पूरी ने दो दो विकेट लिए। जिससे खितौरा सुपर किंग्स ने तीन विकेट से फाइनल मुकाबला जीत लिया।

उज्ज्वल प्रताप सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। तनुज गुप्ता और शिवम सिंह व मंजीत सिंह अंपायर की भूमिका में रहे व जितेंद्र पंडित ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप मे बाजार मालिक समाजसेवी अंगप्रताप सिंह व रिंकू भारद्वाज ने विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजकों में शिवम सिंह, रवि नागर, जितेंद्र, पंडित,लोकेश पाल मौजूद रहे।



बिजयी टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

- **71 रन बनाने वाले विशाल सिंह मैन ऑफ द मैच बने**

## बिजली नहीं मिलने से बंद पड़े ट्यूबवैल सूख रहीं फसलें

**फैजगंज बेहटा :** लगभग एक सप्ताह से कस्बा फैजगंज बेहटा में व देहात क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती को लेकर आम जनमानस में हाहाकार मचा हुआ है।

क्षेत्र के किसान बिजली न मिल पाने के कारण सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए किसान अपनी फसल पलटने को मजबूर हो रहे हैं। बिजली न मिलने से सबसे लघु उद्योग धंधे भी चौपट पड़े हैं। बिजली न मिलने से ट्यूबवेल बंद पड़े हैं, जिसके चलते धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। कहीं कहीं तो किसानों की धान की पौध सूख रही है। कस्बे में चौबीस घंटे में मात्र चार से पांच घंटे बिजली मिल रही है।

# आत्महत्या को उकसाने के आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला के पिता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

बिल्सी क्षेत्र के गांव परौली निवासी रजनी का शव शनिवार को उनके घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला था। सूचना पर रजनी के पिता जिला रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव टांडा निवासी शेर सिंह मौके पर पहुंचे थे। महिला के पति सुरेंद्र, ससुर कन्हई, सास सर्वेश समेत पांच लोगों पर अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया था। बताया था कि अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजन महिला को परेशान करते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी पति सुलेंद्र, ससुर कन्हई और सास सर्वेश को गिरधरपुर मोड़ पर बने यात्री शेड से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध उमेश कुमार, कांस्टेबिल मुकेश, मुलायम सिंह, प्रवेश कुमारी व अंजू कुमारी रहे।



पुलिस की गिरफ्त में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी।

- **शनिवार को परौली गांव में कमरे में फंदे पर लटका मिला था महिला का शव**

# खराब पड़ी मरकरी लाइट कस्बे में छाया अंधकार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कस्बे में लगाई गईं मरकरी लाइटें नगर पालिका की लापरवाही के चलते खराब पड़ी हैं। जिससे रात के समय कस्बे में अंधेरा छाया रहता है। कस्बे के लोगों ने मरकरी लाइट जल्द ठीक कराने की मांग पालिका प्रशासन से की है।

कस्बे में बरी वाले बाईपास पर पिलर वाली मरकरी लाइट लगाई थी। कुछ समय तो लाइट ठीक ठाक जली उसके बाद यह सब बंद हो गईं। जिससे रात को इधर पूरी तरह रोड पर अंधेरा छाया रहता है। उधर, कस्बे के कई अन्य स्थानों पर भी मरकरी लाइट लगी है जो खराब हैं। इन लाइटों से पथ प्रकाश की व्यवस्था चौपट हो गई है। अब सावन मास शुरू हो गया है। इस महीने में कांवड़ यात्री हर समय इन मार्गों से गुजरेंगे लेकिन अंधेरा होने के कारण कांवड़ियों को परेशानी होगी। कस्बे में पालिका प्रशासन की ओर से लगाई गई मरकरी लाइट बंद होने से रात को वाहन चालकों को छुट्टा गौवंश से खतरा बना रहता है। ईओ नगर पालिका अब्दुल नूर ने कहा कि जहां भी लाइट खराब है, शिकायत मिलने पर ठीक कराई जाएगी।

- **नगर पालिका प्रशासन से लाइट जल्द ठीक कराने की मांग**

# सीओ ने स्टेशन पर सुरक्षा का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुरादाबाद जीआरपी सीओ देवी दयाल ने आज यहां पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान भी मौजूद रहेंगे जिससे कावड़ यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। रेलवे स्टेशन पर कांवड़ यात्रियों का आज से आना जाना शुरू हो गया है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं। यहां पर किए गए सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने को मुरादाबाद मंडल के सीओ देवी दयाल आज रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। देवी दयाल वे जीआरपी एसओ पिंकी चौहान के साथ पहले बैठक की, उसके बाद जीआरपी सिपाहियों से एक एक कर बात की, और कांवड़ यात्रा के लिए तैयार रहने को कहा। सीओ मुरादाबाद ने कहा कि सावन महीना पवित्र माह है। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सोमवार से होने वाले जलाभिषेक को जाने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया कि ट्रेन की छतों पर किसी को न चढ़ने दिया जाए। बोगी के बाहर किसी यात्री को न लटकने दिया जाए। उधर, स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए टिकट विंडों पर एक बुकिंग क्लर्क की अतिरिक्त ड्यूटी लगायी गयी है।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सीओ जीआरपी देवी दयाल। ● अमृत विचार

## गलियों में भरा गंदा पानी, पनप रहे मच्छर

**उझानी :** कस्बे में गलियों में गंदा दूषित पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। पालिका प्रशासन की लापरवाही से गंदगी के चलते मच्छर भी पनपने लगे हैं जिससे लोगों को अब संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

कस्बे के वार्ड नम्बर 18 की गलियों में काफी दिनों से बारिश का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। जलभराव से परेशान मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत जब ईओ और वार्ड मेम्बर से की तो कहा कि आप लोग खुद ही मिट्टी डलवा लें। पालिका प्रशासन को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। उधर, उमर मस्जिद के सामने वाली गली में गंदा पानी भरा है। जिससे लोग परेशान हैं।

# रास्ते में भरी कीचड़ से ग्रामीण परेशान, सड़क बनाने की मांग

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** गांव अकोली में मुख्य रास्ते पर गंदा पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों में जिला प्रशासन के खिलाफ रोष बना हुआ है। ग्राम अकोली में कई जगहों पर पानी भरा हुआ है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

गांव के वीरेंद्र श्रीवास्तव के मकान से जाने वाले रास्ते की हालत इतनी खराब है कि वहां से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। इस रास्ते पर करीब एक दर्जन के करीब परिवार रहते हैं। आगे चलकर यह रास्ता कृषि भूमि से जुड़ा हुआ है। इससे हर समय आम नागरिकों के साथ किसानों का आवागमन बना रहता है, लेकिन इस कच्चे रास्ते को पक्का करने की जहमत किसी ने नहीं उठाई है। रास्ते में पानी की निकासी नहीं होने से गांव का गंदा पानी बीच रास्ते में जमा हो रहा है। रास्ता कच्चा होने के कारण कीचड़ रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- **गांव अकोली में कई जगहों पर भरा हुआ है गंदा पानी**

# व्यवसाय से जुड़कर जिले की 92 हजार महिलाएं बनेंगी 'लखपति दीदी'

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 92 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। अब तक 29 हजार से अधिक महिलाएं स्वयं का व्यवसाय शुरू कर अपनी आय में वृद्धि करने के बाद लखपति दीदी का तगमा हासिल कर चुकी हैं। लखपति दीदी बन चुकी महिलाएं मिशन को पूरा करने में जुटी हैं। जिसमें उनकी सहायता ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं। इस लक्ष्य को मार्च तक पूरा किया जाना है।

कुछ वर्ष पहले तक घरों की चौखट के भीतर ही सिमट कर रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब हौसले के साथ अपने सपनों को साकार कर रही हैं। सरकार के समर्थन और स्वरोजगार के माध्यम से 29 हजार 826 महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि जिले में 19 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। इसमें 1.80 लाख से अधिक महिलाएं सदस्य हैं। गांव स्तर पर प्रशिक्षण देकर इन्हीं महिलाओं की आमदनी बढ़ाई जानी है। जब उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये तक पहुंच जाएगी तो वे लखपति दीदी कही जाएंगी। बताया कि विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 92 हजार 507 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिला हुआ है। जिस पर तेजी से काम चल रहा है। महिलाओं को विभाग द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के बाद रोजगार से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू कराया जा रहा है। जिले में 29 हजार 826 महिलाएं अपना व्यवसाय कर हैं। इनकी वार्षिक आय में एक लाख की वृद्धि हुई है। इसके लिए इन्हें लखपति दीदी की उपाधि दी गई है।

- **अब तक 29 हजार महिलाओं को बनाया जा चुका है लखपति**
- **महिलाएं स्वत: रोजगार से जुड़कर बन रहीं आत्मनिर्भर**



दुकान पर मिठाई की बिक्री करतीं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मीना।



अपनी दुकान पर कपड़े की सिलाई करतीं स्वयं सहायता समूह की महिला।

> 92 हजार से अधिक महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य मिला है। 29 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी है। शेष को लखपति बनाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। महिलाओं को विभिन्न व्यवसाय से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। – **ब्रजेश शुक्ला,** उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन

### मधुमक्खी पालन से आमदनी एक लाख से अधिक

म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र के गांव अलीनगला निवासी हैरुल निशा वर्ष 2021 में से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2022 में अपना काम शुरू कर दिया। इसके बाद उनके द्वारा सौ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा। आज वह मधुमक्खी पालन कर शहद के व्यवसाय से सालाना एक लाख से अधिक आमदनी कर रही हैं।

### खुद की मिठाई की दुकान चला रहीं मीना

गांव नगला बराहा निवासी मीना 2019 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। कोरोना काल समाप्त होने के बाद 2022 में उन्होंने आजीविका मिशन से मिठाई बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद इनके द्वारा आजीविका मिशन विभाग के माध्यम से 40 हजार का ऋण लिया। और स्वयं की दुकान खोल ली। इनकी दुकान पर दूध की मिठाई लॉज काफी प्रसिद्ध है। अब हर माह इनकी आमदनी दस हजार रुपये है।

### कुटीर उद्योग चला रही हैं महिलाएं

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं स्वयं का व्यवसाय कर रही हैं। उनके द्वारा मधुमक्खी पालन, पापड़ बनाने का काम, अचार, मिठाई, बागवानी, सब्जी और कॉस्मेटिक का व्यवसाय किया जा रहा है। जिसकी वजह से उनकी आमदनी में वृद्धि हुई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

REQUIREMENT
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
- PRE-Primary (F)
- PRT-All Subjects (F)
- Eng. Spoken Teacher (F)

Only Localites can apply
(Near Phoenix Mall)
Contact
9897482402, 7037470469

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हुसैनी गली में दिन भर रही बिजली गुल

## कई मोहल्लों में ठप रही विद्युत आपूर्ति, देहात में भी हो रही अंधाधुंध कटौती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिजल विभाग ने हुसैनी गली में ट्रांसफार्मर बंद करके पूरे दिन डाली नई केबल

**अमृत विचार :** शहर के बीचो बीच हुसैनी गली में रविवार को ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद कर नई केवल डाली गई, जिससे पूरे दिन मोहल्ले की बिजली गुल रही। बिजली नहीं आने से कई हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, देहात क्षेत्रों में भी बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं। कहीं अघोषित कटौती तो कहीं ट्रिपिंग हो रही है। यह पहली बार है जब लोग बिजली संकट से इतने दिनों से जूझ रहे हैं। विभाग की लापरवाही का परिणाम लाखों उपभोक्ता भुगत रहे हैं। शासन स्तर से निर्देश हैं कि शहरी क्षेत्रों में चौबीस घंटे बिजली दी जाए साथ ही शेड्यूल के अनुसार दी जाए। उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। शासन उक्त आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाला बिजली विभाग पूरी तरह मनमानी के साथ काम कर रहा है। शहर से लेकर देहात तक बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला प्रशासन से शिकायत की जा रही है लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात है। बिजली आपूर्ति में कोई सुधार नहीं है। दो से तीन चार घंटे की कटौती हर रोज हो रही है।

पनबड़िया बिजली घर से शहर की हुसैनी गली और चौबे मोहल्ले को बिजली की सप्लाई दी जाती है। इस लाइन पर आय दिन तार टूटने और ट्रांसफार्मर जलने की समस्या बनी रहती है। पुरानी केबल कई बार जल चुकी है। रविवार को पनबड़िया बिजली घर से हुसैनी गली वाली लाइन को बंद कर दिया गया। सुबह दस बजे से ट्रांसफार्मर से सप्लाई रोक दी गई। जिससे हुसैनी गली और चौबे मोहल्ला में गर्मी उमस से लोग उबलते रहे। घरों में पेयजल संकट पैदा हो गया। पंखे कूलर सब बंद रहे। जिससे घरों में महिलाओं और बच्चों का रुक पाना मुश्किल हो गया। सुबह से शाम तक बिजली नहीं आयी तो उपभोक्ताओं ने पनबड़िया बिजली घर पर संपर्क किया तो बताया गया कि आज उस क्षेत्र में नई केबल डाली जा रही है इसलिए सप्लाई रोक दी गयी है। शाम पांच बजे सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

### शहर से सटे इलाकों में भी बिजली का संकट

ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली का संकट देहात क्षेत्र में भी बिजली संकट बना हुआ है। जियारत फीडर से जिस क्षेत्र को बिजली दी जाती है रविवार को सुबह दस बजे तक सप्लाई ठप रही। कुछ मिनट आने के बाद सप्लाई फिर ठप हो गयी। जिससे गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। जियारत फीडर से बिजली गुल होने से रसूलपुर, सिमरिया, सूरजपुर, उदमई, उपरैला, कुतरई, सहित बीस गांवों में चार घंटे तक बिजली ठप रही। इससे पूर्व शनिवार को पूरे दिन बिजली नही आई जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर सखानू, अलापुर, जगत नैथू, इस्लामगंज सहित दर्जन भर गांवों में आज सुबह दस से 2 बजे तक ठप रही। जिससे लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### शहर में मरम्मत और सुधार कार्य जारी : एसडीओ

पनबड़िया बिजली घर के एसडीओ अतुल ने बताया कि चौबे मोहल्ला और हुसैनी गली को जिस ट्रांसफार्मर से बिजली दी जाती है उस ट्रांसफार्मर से बिजली रोक दी गई है। आज पूरे क्षेत्र में नई केबल डाली है जिससे मोहल्ले के लोगों को निर्बाध गति से बिजली मिल सके। गर्मी के कारण लोगों को कुछ दिक्कत तो हुई लेकिन अब बिजली गुल होने की समस्या सामने नहीं आएगी। जियारत स्थित बिजली घर पर भी दो दिन से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है इसलिए सप्लाई बाधित हो रही है। यह समस्या आज खत्म कर दी जाएगी।

## पतंजलि योग समिति ने कराया यज्ञ

**बदायूं, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पतंजलि योग समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाई गई। प्रतिदिन की भांति आज भी योग किया गया, उसके पश्चात यज्ञ किया गया। यज्ञ के पुरोहित प्रणव मिश्रा ने कहा कि हर व्यक्ति का कोई न कोई गुरु अवश्य होता है। जनपद में योग की अलख जगाने वाले गिरधारी सिंह राठौड़ जो राजकीय आईटीआई में कार्यरत होते हुए भी सोलह साल से लगातार योग करा रहे हैं। ऑडिटोरियम में कई वर्षों से प्रातः 5 बजे से योग कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योग गुरु का सम्मान किया गया। इस मौके पर भीमसेनसागर, योगेंद्र पाल सिंह, आवेश पाल सिंह, संजीव चौहान, जुगल किशोर, मदन लाल पाल, रेनू गुप्ता, नीलम सक्सेना, अखिलेश कुमारी उपस्थित रहे।



यज्ञ करते पतंजलि योग समिति पदाधिकारी।

## मंडी परिसर में रोपे गए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** नूरपुर पिनौनी की मंडी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। साथ ही संकल्प लिया गया कि जो लोग जहां पर भी पौधे लगाएं उनकी देखभाल भी स्वयं करें। तभी पेड़ों का जीवन बच सकेगा।

पौधारोपण अभियान में सचिव रिंकू लाल कश्यप व सोनू गुप्ता, व्यापारी विनीत गुप्ता व्यापारी ने मंडी परिसर मे पौधारोपण किया। मंडी सचिवों ने कहा कि पौधों का जीवन बचेगा तो हमारा सबका कल बचेगा इसलिए पौधों की सुरक्षा अति आवश्यक है। मंडी कार्यालय इस्लामनगर पर भी सचिव रिंकू लाल कश्यप व सचिन गुप्ता आड़ती ने निशुल्क पौधे वितरित किए।



मंडी परिसर में पौधे लगाते पदाधिकारी।

## बिजली संकट को लेकर किसान यूनियन का धरना-प्रदर्शन शुरू



उघैती में बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** उघैती क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर परेशान ग्रामीणों ने भाकियू के साथ रविवार से उघैती बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू का कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा।

बिजली समस्या को लेकर भाकियू ने पूर्व घोषित 21 जुलाई से उघैती बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी के साथ ही रविवार से धरना शुरू कर दिया। धरना स्थल पर किसानों ने जमकर नारेबाजी की।भाकियू मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सोदान सिंह ने कहा कि यदि अब भी बिजली समस्या का समाधान नही किया गया तो लगातार धरना जारी रहेगा। इस समय धान की रोपाई की जा रही है। मात्र तीन घंटे बिजली मिल रही है जिससे कोई भला नही हो पा रहा है। किसानों ने मांग की है कि चौबीस घंटे बिजली दी जाए। धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। इस मौके पर जिला सचिव सुरेन्द्र सिंह ने ऐलान किया कि अब आर पार की लड़ाई को किसान तैयार हैं। जिला अध्यक्ष रामाशंकर शंखधार ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी नही चलेगी।

# गुरु सन्मार्ग दिखाने वाली शक्ति : सचिन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुति देते गायत्री परिवार के सदस्य।

- गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर यज्ञ के बाद लोगों ने ली गुरु दीक्षा

**अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूजन, दीक्षा संस्कार, विद्यारंभ संस्कार के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। गायत्री परिजनों ने लोक कल्याणार्थ गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कीं। नरेंद्र पाल शर्मा ने कहा कि यज्ञीय ऊर्जा से वातावरण पवित्र और सुगंधित होता है।

परिव्राजक सचिन देव ने कहा कि गुरु व्यक्ति नहीं शक्ति है, जो हमेशा सन्मार्ग दिखती है और श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। गायत्री शक्तिपीठ के पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा और वेदमाता मां गायत्री का वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। 11 आत्मीय परिजनों ने गुरु दीक्षा ली। 3 बच्चों के विद्यारंभ संस्कार हुए। इसके बाद पांच कुंडीय महायज्ञ हुआ। गायत्री महायज्ञ में हजारों आत्मीय परिजनों ने लोक कल्याणार्थ गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कीं। इसके बाद विशाल भंडारा हुआ। इस मौके पर माया सक्सेना, रामचंद्र प्रजापति, सुखपाल शर्मा, सुरेंद्रनाथ शर्मा, रघुनाथ सिंह, कालीचरण पटेल, मोहित शर्मा, अनुराधा शर्मा प्रणाम। सोहन पाल कन्यवती डा. ओमेंद्र कुमार, गोपाल किशन, नीरू देवी, बृजकिशोर, सुबोध माहेश्वरी, सुजाता, अमिता माहेश्वरी, हेमलता मौर्य, सुरेंद्र पाल सिंह, ममता पाल, शिवम्वदा, सीमा, पूनम, सुनीता, राजेश्वरी, ललतेश, दिनेश गुप्ता, विपिन मिश्रा, श्याम निवास, संजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भीम आर्मी के स्थापना दिवस पर चला सदस्यता अभियान

संवाददाता, फैजगंज बेहटा

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के स्थापना दिवस पर रविवार को ग्राम पिन्दारा में आजाद समाज पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जुड़ने की अपील की गयी। कई लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गयी।सदस्यता ग्रहण करने वालों में

विमल आजाद, अभिलाष कुमार जाटव, शिवम् सागर, अभिषेक, सुरेंद्र, राजवीर, विजेंद्र, सागर आदि लोगों को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। जिला महासचिव आशुतोष उर्फ अनमोल ने कहा कि अब पार्टी को ग्राम पंचायत स्तर पर लेकर जाना है और पार्टी प्रमुख के हाथों को मजबूत करना है।



स्थापना दिवस पर भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण कराते पदाधिकारी।

# नदी में उतराता मिला वृद्ध का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घर से गाय-भैंस चराने गए थे पशु खुद घर लौटकर पहुंच गए
- पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबकर मौत की पुष्टि

**अमृत विचार :** भैंस चराने गए किसान का शव नदी में उतराता मिला है। पुलिस डूबकर मौत होने का अनुमान लगा रही है, तो परिजनों का हत्या किए जाने का अंदेशा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।



मृतक राजपाल उर्फ रज्जू।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव अभयपुर निवासी राजपाल उर्फ रज्जू (70) पुत्र नौहर सिंह खेतीबाड़ी करते थे। शनिवार दोपहर लगभग एक बजे वह अपने पशुओं को चराने के लिए गांव के पास बह रही अरिल नदी किनारे गए थे। शाम को उनके पशु भैंस-गाय आदि घर लौट गए, लेकिन राजपाल वापस घर नहीं लौटे। कुछ देर तक परिजनों को लगा कि राजपाल गांव में कहीं रुक गए होंगे। देर शाम तक वह नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन राजपाल की तलाश में निकले, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने रविवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की। खेत और अरिल नदी पर पहुंचे। राजपाल की पत्नी लीलावती ने नदी में किसी का शव उतराते हुए देखा। परिजन और ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर हजरतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई। हजरतपुर के थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि नदी में किसान का शव मिलने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की जांच की जा रही है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बेटे ने लगाया जमीन विवाद में हत्या का आरोप

मृतक के बेटे ओमवीर ने पिता की हत्या करके शव नदी में फेंकने का आरोप लगाया। ओमवीर ने कहा कि उनका अपने तहेरे भाइयों से जमीन का विवाद चल रहा है। वह 2023 में दातागंज एसडीएम कोर्ट में चल रहा जमीन के बंटवारे का मुकदमा जीत गए थे। जिसके चलते तहेरे भाई रंजिश मानने लगे थे। वह कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। आरोप लगाया कि शुक्रवार को भी उन्होंने पिता की हत्या करके शव नदी में फेंक दिया था। रविवार को शव नदी में मिला तो पिता की नाक से खून निकल रहा था। चेहरा भी सूजा था।

## एसडीएम ने दिया आश्वासन भूख हड़ताल से हटा परिवार



भूख हड़ताल पर बैठे परिवार को आश्वासन देते एसडीएम। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पंचायत रुदायन चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए रुदायन कस्बा के वार्ड एक निवासी सुशील कुमार और उनके परिवार ने भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। रविवार को भूख हड़ताल एसडीएम और प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन देकर खत्म करा दी। सुशील ने जातिवाद की वजह से उनके पिता को बर्खास्त करने का आरोप लगाया था। एसडीएम ने कहा कि वह खुद जांच करेंगे। उन्होंने 15 दिन में जांच करने की बात कही। कहा कि जांच के बाद डीएम को रिपोर्ट सौंपकर उनके पिता की बहाली कराएंगे। बर्खास्त सफाई कर्मचारी कालीचरन के परिवार के साथ बाबू सिंह, मदनलाल गुप्ता, छम्मी शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री सिद्ध बाबा देवस्थान पर मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**दबतोरी, अमृत विचार :** प्रति वर्ष की भांति आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाए जाने वाली गुरु पूर्णिमा पर सुबह आठ बजे से पंच कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दूर-दूर से भक्त आए। भंडारे के बाद महंत गोविन्द जी महाराज द्वारा अमृत वर्षा का कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद दीप यज्ञ के आयोजन के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया । इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, सौरभ सिंह, बंटी सिंह, सुनील कुमार सिंह एडवोकेट, ठाकुर किशोर सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अरुण सिंह, गुलफान सिंह, रामरक्षपाल शर्मा, संजीव सिंह, वीरेंद्र सिंह तोमर, रज्जन श्रीवास्तव, खेमकरन मौर्य और बहुत से भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया ।

# सांसद ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन



गांधी ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा के सांसद आदित्य यादव ने सांसद बनने के बाद पहली बार नगर पालिका परिषद की ओर से गांधी ग्राउंड में लगाई गई नुमाइश का फीता काटकर उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा रहे।

उद्घाटन के दौरान सांसद ने कहा कि एकता, विकास प्रदर्शनी आपसी भाईचारा की मिसाल है। प्रदर्शनी का सभी लोग एक साथ मिलकर आनंद लें। विशिष्ट अतिथि ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही लोगों को इस प्रदर्शनी में अपने परिवार, रिश्तेदार, पड़ोसियों और मोहल्लेवासियों के साथ मिलकर आनंद लेने को कहा। अध्यक्षता कर रहीं चेयरमैन फात्मा रजा ने लोगों का अभार जताया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ओमवीर यादव, अफसर अली, फरहत सिद्दीकी, संतोष कश्यप, मोहम्मद मियां, कौसर अली, नवेद, अबरार, अनवर खान, इंदु सक्सेना, छोटू, बबलू, अतुल यादव, महरूर, नीरज राठौर आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा



**बिसौली, अमृत विचार :** सोही सिद्ध पीठ पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दिन सोही सिद्ध पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन पूज्य संत विदेही नंदिनी शरण की मूर्ति स्थापना दर्शन, हनुमत भोग, संत आराधना, और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। यहां सोही सिद्ध पीठ पर 14 जुलाई से भागवत कथा के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव चल रहा था। रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में विधि विधान से मंदिर के पुजारी महंत फूल बाबा के सानिध्य में आचार्य राम अवतार शास्त्री ने हवन यज्ञ किया। फूला बाबा ने हनुमान जी की आरती कर सवा कुंतल बूंदी का भोग लगाया। ब्रह्मलीन सोही सिद्ध पीठाधीश्वर गुरु देव भगवान की मूर्ति की अर्चना पूजन कर गुरु आरती की। इसके बाद संत आराधना हुई, जिसमें सैकड़ों संतों को छाता और दक्षिणा देकर रोली चंदन से तिलक कर विदा किया। इसके बाद सोही सिद्ध पीठ से जुड़े पूज्य स्वामी जी के शिष्यों और अनुयायियों ने स्वामी जी की मूर्ति की गुरु पूजन कर संतों का आशीर्वाद लिया। दिन भर भजन कीर्तन और भंडारा चलता रहा। यहां देवानंद महाराज, बीर बाबा, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, पूर्व विधायक सतेंद्र सिंह, इस्लामनगर के पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र लीडर, सुधाकर शर्मा, हिरदेश तिवारी, मुकेश शर्मा, सविता शर्मा नगर अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, वीरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण कर प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का आह्वान

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में प्रकृति को सुरक्षित रखने हेतु एवं विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए पौधारोपण अभियान के अंतर्गत अनेक पौधों का रोपण किया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल प्रांगण में इस कार्यक्रम का आगाज़ निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता एवं अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी मिलकर प्रकृति के संरक्षण को एक पौधा हर व्यक्ति लगाने का प्रण लें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव राठौर ने भी वृक्षों के कटान से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए इनकी सुरक्षा का आह्वान किया। स्कूल मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता, कोऑर्डिनेटर एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली, अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



### सुख शांति के लिए मनसा देवी मंदिर में किया हवन

**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बन बेहटा में ग्रामीणों ने गांव की सुख-शांति व समृद्धि के लिए गांव के ग्राम देवी मंदिर में हवन का आयोजन किया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हवन में आहुतियां डालते हुए सुख समृद्धि की कामना की। हवन के बाद ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया। पंडित राधेश्याम ने बताया कि गांव वासियों के सहयोग से गांव की सुख-समृद्धि व शांति के लिए ग्राम देवी मंदिर में हवन, का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सभी लोगों ने श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीणों की आस्था है कि जो भी व्यक्ति माता ग्राम देवी पर शीश झुका कर मन्नत मांगता है। उसकी हर मन्नत पूरी होती है। इस मौके पर भानु प्रताप सिंह चौहान, विजय कश्यप, हप्पू सिंह, संजू चौहान, अंकित चौहान, जगपाल शाक्य, राजाराम शाक्य, वीरेश शाक्य, मौजूद रहे।



खेती-किसानी

ज्यादा लागत और कम पैदावार के चलते किसानों ने छोड़ी प्रचलित धान की खेती

# हंसराज और सरबती से बेरुखी, किसानों के सिर चढ़ा 'ताज' धान

केपी शर्मा, बदायूं



खेत में लगाया गया ताज धान।

- किसानों ने शुरू की धान की नई किस्म ताज की खेती, कम लागत पर ज्यादा फसल

**अमृत विचार :** खेतीबाड़ी में हो रहे नित नए प्रयोग से किसानों को बेहतर उपज मिल रही है। किसान अब उन्नतशील किस्म के बीज लगाकर फसलें तैयार कर रहे हैं। करीब तीन दशक पहले किसान हंसराज और बासमती शरबती धान लगाते थे। उसमें कम पैदावार को देखते हुए किसानों ने अब धान की उन्नतशील किस्म ताज को अपनाया है। ताज धान एक बीघा में पांच से सात कुंतल तक होता है। किसानों को तीन गुना उपज के साथ बेहतर मूल्य भी मिल रहा है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अब हर किसान ताज धान लगा रहा है।

करीब तीन दशक पहले तक खेती करने वाले किसान सरबती, बासमती और हंसराज धान लगाते थे। धान की इन फसलों में कीट सबसे अधिक लगता था। जिससे किसान को भारी क्षति होती थी। हालांकि किसान दवा का छिड़काव करते थे फिर भी टंड़ा कीटाणु लगता था। टोडा नामक कीटाणु धान का कच्चा दाना चूस लेता था। जिससे पूरा पौधा सूख जाता था और धान की बाली सूख कर सफेद हो जाती थी। टोडा कीट लगने से किसान को आधी उपज ही मिल पाती थी। किसानों के अनुसार उस समय कीटाणु रोधी दवाएं अधिक प्रभावी नहीं मिलती थीं तो किसान घाटे में रहते थे। उक्त धान की किस्म 120 दिन में तैयार होती थी। अधिक समय और लागत लगने के बाद भी किसानों को एक से दो कुंतल बीघा की दर से उपज ही मिलती थी। जिसके चलते किसान हंसराज सरबती और बासमती धान से किनारा करते चले गए।

उसके बाद कृषि विशेषज्ञों ने धान की नई किस्म तैयार की जो ताज के नाम से आती है। करीब पांच साल से किसान ताज धान करते हैं। ताज धान करने वाले किसानों का कहना है कि ताज धान में सूड़ी कम लगती है। इसकी उपज तीन से चार गुना तक होती है। इस धान का बाजार में भाव भी बेहतर मिलता है। इसलिए ताज धान किसानों को तीन गुना लाभ देने वाला है। ताज धान अब ज्यादातर किसान करते हैं। हर गांव में ताज धान की फसल देखने को मिल रही है। एक बीघा से लेकर पचास बीघा तक धान की फसल करने वाले किसान भी अब ताज ही पैदा करते हैं। इस धान की विशेषता यह है कि इसमें पानी कम लगता है।

### किसानों के अनुसार, तीन से चार गुना ज्यादा पैदावार



ग्राम उपरैला निवासी मोहर सिंह ने बताया कि उन्होंने दस बीघा खेत में ताज धान किया है। यह धान पैदावार में तीन से चार गुना ज्यादा होता है। इसमें कोई कीड़ा नहीं लगता है। फिर भी एक बार दवा का स्प्रे कर दिया जाता है। ऊंचे रेतीले खेतों में ताज धान हो रहा है जबकि हंसराज, बासमती केवल निचले दोमट खेतों में ही होता है। इसलिए किसान बासमती हंसराज धान से किनारा कर गए। आसपास के किसी गांव में हंसराज, बासमती धान नहीं मिलेगा। कम लागत में तैयार होने वाली किस्म है ताज। हालांकि खाने में स्वाद नहीं है फिर भी किसान बिक्री के लिए इस धान की पैदावार करते हैं। जिले में ताज धान का रकबा 18 हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा है।

> किसानों ने अब धान की पुरानी किस्मों से किनारा कर लिया है। क्योंकि हंसराज बासमती और सरबती में पैदावार बहुत कम होती है। इसलिए ताज धान किसानों की पहली पसंद बन चुका है। ताज धान की उपज बेहतर होती है। कम लागत में तैयार होने वाली किस्म है ताज। हालांकि खानें में स्वाद नही है फिर भी किसान बाजार के लिए यह धान तैयार करते हैं। जिले में ताज धान का रकबा 18 हजार हेक्टेयर से अधिक है। लगभग सभी किसान ताज उगा रहे हैं।
>
> – **दुर्गेश कुमार सिंह,** जिला कृषि अधिकारी

## औषधीय पौधों का किया रोपण

**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ सप्ताह के दूसरे दिन औषधीय पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधारोपण सप्ताह की संयोजक डॉ. सरिता यादव के निर्देशन में बेल, सहजन, नीम, अपराजिता, अमृता, शमी, शहतूत, तुलसी आदि विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

डॉ. सरिता यादव ने औषधीय पौधों से मानव जीवन को निरोगी बनाए रखने के तरीकों से सभी को परिचित कराया। महाविद्यालय में विश्व स्तरीय युवा वैज्ञानिक डॉ. सचिन राघव के नाम पर कनक चम्पा का पेड़ लगा कर उनका जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी डॉ. श्रद्धा गुप्ता, एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डॉ. हुकूम सिंह, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. संजय कुमार, वीर बहादुर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### आज का मौसम

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

36⁰ अधिकतम तापमान | 32⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.33 | सूर्यास्त 07.11

### जिले में आज

- मानव सेवा समिति द्वारा शहर के आवास विकास कॉलोनी में पौधरोपण कार्यक्रम सुबह आठ बजे से।
- राजकीय आईटीआई किसरौली में रोजगार मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक बीआरसी पर मांगों को प्रदर्शन एवं ज्ञापन दोपहर दो बजे से।
- शीतला माता मंदिर बिलराम गेट पर श्रावण मास के सोमवार को मंदिर में महाकाल की भस्म आरती दर्शन शाम सात बजे से।

# तीन परिवारों के लिए काला दिन बना रविवार

## एक महिला सहित तीन लोगों ने की आत्महत्या, पुलिस मामलों की छानबीन में जुटी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** रविवार का दिन तीन परिवार के लिए काला दिवस साबित हुआ। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में मानसिक तनाव के चलते एक महिला सहित तीन लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना का पता लगने पर तीनों परिवारों में कोहराम मच गया।

**झगड़े के बाद पत्नी लापता, पति का शव फंदे पर लटका मिला : सहावर:** रविवार सुबह खेत पर गए गांव फतेहपुर के लोगों ने वहीं के मानसिंह (40) का शव पेड़ पर लटका देखा। इसकी जानकारी थाना पुलिस और मानसिंह के परिजनों को दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। ग्रामीणों के मुताबिक मानसिंह व उसकी पत्नी के बीच आये दिन झगड़ा होता रहता था। इससे मानसिंह परेशान रहता था। मृतक के भाई जवरसिंह ने बताया शनिवार रात से मानसिंह व उसकी पत्नी हेमवती के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद हेमवती बगैर बताए कहीं चली गयी। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहावर थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतक मानसिंह

### युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**कासगंज :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर माफी निवासी नंदराम (35) पुत्र चेतराम लोधी फतेहपुर रोड पर परचून की दुकान चलाता था। रविवार सुबह नंदराम घर से दुकान खोलने जाने की कहकर घर से निकले थे, लेकिन वह दुकान पर नहीं पहुंचे। दोपहर को भांजा ओमवीर सिंह दुकान पर पहुंचा तो नंदराम वहां नहीं मिले। दुकान बंद होने पर ओमवीर ने आसपास नंदराम की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच खेतों पर काम करने गए ग्रामीणों ने नंदराम का शव पेड पर लटका देखा, जिकसी सूचना उनके परिजनों को दी। इससे रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक नंदराम की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया फतेहपुर निवासी नंदराम का शव पेड पर लटकता मिला था। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस मामले में हर पहलू पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक नंदराम के परिजन।

### कमरे में साड़ी के सहारे लटकी मिली विवाहिता की लाश

**गंजडुंडवारा।** नगला मोड़ निवासी विनीता (30) पत्नी गुड्डन रविवार सुबह पूजा करने अपने कमरे में चली गई। वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों को आशंका हुई। उन्होंने जाकर देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। फिर किसी तरह कमरे का गेट खोला गया तो विनीता का शव छत के पंखे पर साड़ी के सहारे लटक रहा था। फिर तो घर में कोहराम मचने लगा। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाई। फोरेंसिक टीम को बुला लिया गया। विनीता की शादी नौ वर्ष पहले हुई थी। उसके चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी सात साल की और सबसे छोटी बेटी दो वर्ष की है। गंजडुंडवारा कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। हत्या के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्यों को एकत्रित किया है।

## गुरु पूर्णिमा पर मथुरा के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू

**कासगंज, अमृत विचार:** रेलवे ने गुरु पूर्णिमा पर कासगंज से मथुरा के लिए विशेष ट्रेन का संचालन शुरू किया है। रेलवे प्रशासन ने मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा एवं गुरु पूर्णिमा मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान रखते हुए ट्रेन संख्या 05316/05315 कासगंज-मथुरा-कासगंज विशेष गाड़ी का संचालन 21 से 23 जुलाई तक चार फेरों के लिए शुरू किया है। ट्रेन संख्या 05316 कासगंज-मथुरा विशेष गाड़ी 21 से 24 जुलाई तक कासगंज से 00.20 बजे प्रस्थान करेगी, जो मारहरा से 00.34 बजे, सिकन्दराराऊ से 00.57 बजे, हाथरस रोड से 01.22 बजे, हाथरस सिटी से 01.35 बजे तथा मथुरा कैंट से 02.32 बजे छूटकर मथुरा जंक्शन 02.50 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05315 मथुरा-कासगंज विशेष गाड़ी 21 से 24 जुलाई तक मथुरा जंक्शन से 03.35 बजे प्रस्थान कर मथुरा कैंट से 03.50 बजे, हाथरस सिटी से 04.32 बजे, हाथरस रोड से 04.42 बजे, सिकन्दरा राव से 05.07 बजे तथा मारहरा से 05.30 बजे छूटकर कासगंज 06.25 बजे पहुंचेगी। सीपीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10 कोच हैं।

# बेकाबू बाइक डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत

- मृतका का पति और बेटा घायल कछला घाट पर गंगा स्नान करके बाइक पर घर लौट रहे थे तीनों

कार्यालय संवाददाता, कासगज

**अमृत विचार :** बेकाबू गति से दौड़ती बाइक अचानक अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से जा टकराई। इससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा घायल हो गए। तीनों कछला घाट पर गंगा स्नान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे।

आगरा के ट्रांस यमुना कॉलोनी निवासी भगवान सिंह (47) उनकी पत्नी मुन्नी देवी (43) बाइक पर स्नान के लिए कछला घाट गए थे। वहां से दंपती और उनका बेटा एक बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में कासगंज की आवास विकास कॉलोनी के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। इसमें तीनों के गंभीर चोटें आईं। तीनों को फौरन जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया गया। जहां मुन्नीदेवी ने दम तोड़ दिया। इधर, इस हादसे की खबर परिवार को मिली तो तमाम लोग कासगंज पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### सड़क हादसे में पांच लोग घायल

सड़क हादसे की अन्य घटना कासगंज-सोरों रोड पर हुई। यहां पेट्रोल पंप के समीप ऑटो और बाइक की टक्कर में पांच घायल हुए हैं। घायलों में जिला एटा के गांव कुचलपुर निवासी ओमवीर, रामनिवास एवं रूप सिंह यह सभी लोग ऑटो में सवार थे। जैसे ही बाइक सवार अमांपुर के शेखपुरा निवासी राकेश और उनकी पत्नी पुष्पा देवी घायल हुई है। इन सभी का उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी किया गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सुन्नगढ़ी पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सरिता तोमर ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त साविर अली निवासी किसौल थाना सुन्नगढी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**कासगंज, अमृत विचार:** कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। जिला पुलिस के अलावा दूसरे जनपदों से आए पुलिस के जवान सोरों, लहरा गंगा घाट तक मुस्तैद हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। फोरलेन का एक तरफ का हिस्सा कांवड़ियों के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। जबकि दूसरा हिस्सा वन-वे किया गया है। भारी वाहन कावड़ियों के रास्ते से नहीं निकाल सकेंगे।

सोरों से लेकर नदरई तक फोरलेन सड़क का एक हिस्सा कांवड़ियों के हवाले कर दिया गया है। पूर्वी टू लेन मार्ग कावड़ियों के गुजरने के लिए सुरक्षित किया गया है। वहीं फोरलेन के पश्चिमी हिस्से से वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। अधिकारी कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर निगरानी बनाए हुए हैं।

> शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह पुलिस लगाई गई है। यातायात पुलिस तैनात है। दूसरे जिलों की पुलिस भी निगरानी कर रही है। शिव भक्तों के लिए किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। -**अजीत चौहान**, सीओ सिटी

# सावन का पहला सोमवार आज, शिवालयों में गूंजेंगे जयकारे

संवाददाता, (सोरोंजी) कासगंज

- देर शाम तक तीर्थनगरी सोरों और लहरा घाट पर लगा रहा कांवड़ियों का तांता

**अमृत विचार:** शिवजी की भक्ति सावन माह सोमवार से शुरू होगा। सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए दूर दराज के कांवड़िया गंगा जल लेने के लिए तीर्थनगरी सोरों और लहरा घाट पहुंचे, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया है। देर शाम तक दूसरे प्रांतों के श्रद्धालु गंगाजल लेने के लिए कासगंज, सोरों के रास्ते लहरा गंगा घाट पहुंचते रहे।

सावन के पहले सोमवार को लेकर शिव भक्तों में काफी उल्लास हैं। लोगों ने उपवास के लिए बाजार से सामन की खरीदारी की। सावन से एक दिन पहले रविवार को शिव मंदिरों में साज सज्जा का काम चलता रहा। पहले सोमवार का अपना अलग महत्व माना गया है। शिव भक्त पूजा-अर्चना कर शिवजी को मनाते और अपनी मनौती मांगते हैं। सोमवार को व्रत रखने वालों ने रविवार को फलों, कूट्टू व सिंगाड़े के आटे की खरीदारी की।

**मंदिरों में लगेंगे झूले हिंडोले :** सावन शुरू होने के साथ ही मंदिरों में झूले हिंडोले लगवाने की तैयारी चल रही है। इन झूलों व हिंडोलों में देवी-देवताओं को झुलाया जाएगा। सावन के महीने में झूले का विशेष महत्व है। देवी देवताओं को झूला झुलाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। खासकर कान्हा को झूला झुलाने का विशेष महत्व माना गया है। इसी के चलते श्रीकृष्ण से संबंधित मंदिरों में पुजारियों व व्यवस्थापकों ने विशेष प्रकार के झूले डलवाए हैं।


लहरा गंगा घाट से कांवड़ में 51 लीटर गंगा जल लेकर जाते टूंडला के कांवड़िया।


कांवड़ा में गंगा जल भरने के बाद परिक्रमा करते कांवड़िया। ● अमृत विचार

### दुर्लभ संयोग: इस बार सावन में होंगे पांच सोमवार

**कासगंज, अमृत विचार :** हिंदू धर्म में सावन का विशेष महत्व है। सावन माह में शिवजी के साथ माता पार्वती की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। हर साल कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से सावन आरंभ हो जाते हैं। इस बार सावन में पांच सोमवार रहेंगे। पहला सोमवार 22 जुलाई और पांचवां व अंतिम 19 अगस्त को होगा। सोरों के तीर्थ पुरोहित बंशीधर शास्त्री बताते हैं कि हिंदू पंचाग के अनुसार सावन माह का आरंभ श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ होता है। इस साल श्रावण मास प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 21 जुलाई को दोपहर 3 :45 बजे से शुरू हो गई, जो 22 जुलाई की दोपहर 1 :11 पर समाप्त होगी। इसलिए श्रावण मास का आरंभ 22 जुलाई से शुरु हो रहा है। इसके साथ ही श्रावण मास की पूर्णिमा यानी 19 अगस्त को सोमवार के दिन ही इसका समापन हो जाएगा। पुरोहित बंशीधर शास्त्री ने बताया कि इस साल का सावन मास काफी खास है, क्योंकि सोमवार के दिन से शुरू हो रहा है। इसके अलावा प्रीति आयुष्मान योग के साथ सवार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इस शुभ योग में भोलेनाथ की पूजा करने से कई गुना अधिक फलों की प्राप्ति होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रीति योग सुबह से लेकर शाम 5 :58 बजे तक है। इसके बाद आयुष्मान योग लग जाएगा। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5 :57 बजे से आरंभ होकर रात 10 :21 बजे तक रहेगा।


सोरों रोड पर गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### हुल्का मंदिर पर लगे आषाढ़ मेले का समापन



**कासगंज , अमृत विचार :** शहर के मां हुल्का मंदिर पर लगने वाले आषाढ़ मेले का रविवार को समापन हो गया है। नगर के प्राचीन हुल्का देवी मंदिर पर लगने वाले 15 दिवसीय मेले का समापन रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ, भजन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। मेले के आखिरी दिन रविवार को माता हुल्का रानी के मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। माता हुल्का के जयकारों से वातावरण गुंजायमान था। मंदिर में सुबह से महिला, पुरुष धर्मावलंबियों के पूजन-अर्चन का सिलसिला शुरू हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़े-बूढ़े, महिला व बच्चों ने माता हुल्का की पूजा-अर्चना की और मेले का लुत्फ उठाया। दोपहर बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन पर प्रेमनारायण पांडेय, विकास पांडेय, दीपू पंडा, आयुष भारद्वाज, कुलदीप, शांतनु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पीपल, बरगद, फल, फूल और औषधि के पौधे लगाए




**कासगंज, अमृत विचार :** यूथ जंक्शन फाउंडेशन और एमएम कॉलेज के तत्वाधान में रविवार को अहरौली स्थित माधुरी माहेश्वरी आईटीआई कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें शामिल पदाधिकारियों ने पीपल, बरगद, फल, फूल व औषधि के पौधे रोपित किए। उनके पोषण एवं पर्यावरण बचाने का संदेश लिया। यूथ जंक्शन के पदाधिकारियों ने कुल 111 पौधे रोपित किए, जिनमें अर्जुन, शीशम और बरगद के पौधे शामिल हैं। संस्था सचिव मयंक वैश्य ने कहा पर्यावरण के संरक्षण में सभी लोग अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। न केवल पौधे लगाएं बल्कि उनका रखरखाव भी करें। व्यापार मंडल के गुंजन अग्रवाल ने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनका जीवित रखना बेहद जरूरी है। विद्यालय के प्रबंधक पंकज महेश्वरी ने कहा कि युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता से ज्यादा प्रभावित है। इस दौरान प्रमुख सर्राफा व्यापारी वरिष्ठ वैश्य नेता गुंजन अग्रवाल , युवा समाजसेवी प्रवेंद्र राना जिलाध्यक्ष क्षत्रिय सभा संजय पुंढीर, संस्था के संरक्षक पंकज महेश्वरी , मयंक वैश्य, अभिनव सक्सेना, प्रदीप चौहान, लक्ष्य माहेश्वरी, कृष्ण कुशवाहा, राजेश अग्रवाल, अर्पित भारद्वाज , मयंक भारद्वाज, तुषार, अभिषेक, रजत, भाई, अर्जुन , राम खिलाड़ी, नरेश जी, धीरज इत्यादि संस्था के साथी मौजूद रहे ।

### स्टेशन पर पटरी पार करते गिरकर यात्री घायल

**कासगंज।** संटू उर्फ आयूब खां (55) निवासी साकार नगर थाना क्षेत्र मसवानपुर जनपद कानपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक से दो की ओर जा रहे थे, जो पटरी पार करते समय गिर गए। जिससे उनके गंभीर चोट आ गई। आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी गई है।

# विवाहिता की हत्या कर शव गायब करने का आरोप

**कासगंजः अमृत विचारः** एक ग्रामीण ने अपनी बेटी की हत्या कर शव गायब करने आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है। इस मामले में न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश थाना अध्यक्ष अमांपुर को दिए हैं।

थाना सहावर के ग्राम गुड़गुड़ी निवासी नाथूराम ने अपनी पुत्री ममता की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व अमांपुर थाने के ग्राम मुख्तयार नगला निवासी भानु प्रताप के साथ की थी। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ममता को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। इसका पता लगने पर नाथूराम ने जाकर ममता के ससुरालियों को काफी समझाया, लेकिन उनके व्यवहार में परिवर्तन नहीं हुआ। इस दौरान ममता ने एक पुत्री को जन्म दिया। छह मई को भानु प्रताप ने फोन द्वारा सूचना दी कि ममता बच्ची को छोड़कर कहीं चली गई है। नाथूराम रिश्तेदारों के साथ बेटी की ससुराल मुख्त्यार नगला गए। नाथूराम का आरोप है कि उनकी पुत्री ममता की उसके ससुराल वालों ने हत्या कर दी और शव को गायब कर दिया।

# लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है वनखंडी महादेव मंदिर

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कस्बे में कोतवाली के पीछे स्थित वनखंडी महादेव मंदिर सैकड़ों साल से शिवभक्तों की आस्था का केंद्र है। यहां हर वर्ष सावन के तीसरे सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़िया कादरगंज घाट से गंगा जल लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते है। इस दिन मंदिर में विशेष शृंगार, भंजन कीर्तन का आयोजन व प्रसाद वितरण भी होता है। वनखंडी महादेव मंदिर आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। यहां कस्बे के अलावा दूर दराज के बड़ी संख्या में लोग पूजा करने आते हैं। यहां भक्तजन दूध, दही, शहद, गंगाजल के पंचामृत, बेल पत्र, पुष्प फल मेवा आदि शिवलिंग पर चढ़ाकर मनौती मांगते है। रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां पूजा अर्चना मात्र से ही भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। वनखंडी महादेव मंदिर की ख्याती दूर दराज के क्षेत्रों तक फैली हुई है।



**मंदिर को लेकर यह भी मान्यता :** मान्यता है कि महाभारत काल में गुरु द्रोणाचार्य ने यहां शिवालय की स्थापना की थी। अज्ञातवास के दौरान पांडव भी यहां रहे थे। इस दौरान श्रीकृष्ण उनसे मिलने के लिए यहां आए थे। घने वन के बीच होने से मंदिर का नाम वनखंडी महादेव मंदिर रखा गया। इस मंदिर में वैसे तो प्रतिदिन भक्त पूजा अर्चना करने आते हैं, लेकिन सावन के माह में इस मंदिर का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। वनखंडी मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा करने से भक्तों की मनोकामना

> मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही चमत्कारिक शांति की अनुभूति होती है। मन भक्तिमय हो जाता है और अत्यंत सुखद अनुभूति होती है। दर्शन मात्र से ही सभी कष्ट समाप्त हो जाते है। - संजय बोस



> विशाल वन के बीच स्थित महाभारत कालीन वनखंडी महादेव मंदिर के महाभारत कालीन होने की मान्यता है। मैं दर्शन को मंदिर जाता हूं। मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। - अमित उपाध्याय



# गुरु पूर्णिमा: हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी


गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को हरि की पौड़ी पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी/ गंजडुंडवारा/ कासगंज

**अमृत विचार:** रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही श्रद्धालुओं का घाटों पर पहुंचने का सिलसिला आरंभ हो गया। गैर प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे।

गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व को मनाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। गुरुओं की पूजा की। गंगा घाटों पर स्थित मंदिरों में सुबह से ही भजन कीर्तन एवं पूजा पाठ का सिलसिला प्रारंभ हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। कस्बा सोरों में स्थित हरिपदी गंगाघाट पर गैर प्रदेशों राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली से आए श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर पुरोहितों एवं ब्राम्हणों को भोजन कराया। जरूरतमंदों को दान देकर पुण्यलाभ कमाया। कछला, लहरा एवं कादरगंज गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे।

**गंगा का पूजन कर चूनर ओढ़ाई :** गैर प्रदेशों से श्रद्धालु शनिवार देर रात ही गंगा घाटों पर पहुंच चुके थे। गुरु पूर्णिमा की सुबह रविवार को गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा मइया का पूजन किया और चूनर ओढ़ाई। तमाम श्रद्धालुओं ने बालू से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया।

### आश्रमों में कराए गए भंडारे

तीर्थनगरी नगरी सोरों के टांटिया बाबा आश्रम, महेश आनंद आश्रम सहित तमाम आश्रम में सुबह से ही शिष्य पहुंचे। लोगों ने दान कर पुण्य लाभ कमाया। गुरुजनों और साधु संतों को भोजन कराया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। आश्रमों को बेहतर ढंग से सजाया गया था। यहां शिष्य पहुंचकर गुरुओं का आशीष ले रहे थे और उन्हें गुरु दक्षिणा भी दे रहे थे। गुरु शिष्य की परंपरा बेहद बेहतर दिखाई दी और शिष्य अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।


सोरों के हरि की पौड़ी आश्रम में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते साधू।

### गुरु पूर्णिमा पर जिले भर में रही धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

**कासगंज।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुओ ने दिल खोलकर अमृत वाणी की वर्षा करते हुए शिष्यों पर कृपा की। शिष्यों ने परिवार सहित पहुंच कर गुरुओ से आशीर्वाद लिया। आश्रमो एवं संतो की कुटियों में दिन भर अनुष्ठानों के साथ भजन कीर्तन होते रहे। अखिल भारतीय श्री मन मस्त सत्संग मंडल के तत्वाधान श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महिला थाना अध्यक्ष शांति देवी के कर कमलों द्वारा देवी सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया ।तत्पश्यात शांति देवी ने पीठाधीश्वर गुरु योगेश योग महाराज का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र बोहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष के पी सिंह सोलंकी आदि के साथ साथ अनेकों जनप्रतिनिधियों ने गुरुपूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।मदन मोहन शर्मा , अजीत शर्मा , सुनील दत्त रावत , जवाहर लाल अग्रवाल , अंकुर शर्मा , मन मोहन शर्मा , गोपाल वार्ष्णेय आदि ने गुरु वैभव वर्णन किया ।वहीं गंजडुंडवारा कस्बा में जगह जगह शिष्यों ने गुरुओ का आशीर्वाद लिया और अपने परिवार के लिए खुशहाली मांगी।


गुरु का आशीर्वाद लेते पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे।

### गुरु की प्रेरणा से कासगंज के कई युवा आईएएस और आईपीएस अधिकारी बन कर रहे देश सेवा

**कासगंज।** गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय .... । कबीर दास द्वारा लिखी गईं ये पंक्तियां गुरु के महत्व को बखूबी दर्शाती हैं। जिले में कई लोग ऐसे हैं, जो शिक्षकों की प्रेरणा से मुकाम तक पहुंचे। इनमें कई ऐसी प्रतिभाएं शामिल हैं, जिनके माता-पिता ने ही गुरु की जिम्मेदारी निभाई।



वर्ष 2019 में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल सर्विस में पहुंचे अंकित सिंह मूल रूप से मोहल्ला जय-जयराम सिटी रोड के रहने वाले हैं। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा कासगंज से प्राप्त की। उनकी मां पुष्पा देवी बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। अंकित कहते हैं कि मां ने उन्हें दुलार दिया तो शिक्षिका की तरह अनुशासन की भी सीख दी। उन्हें घर में रहकर प्रतिदिन अभ्यास कराया। उसके बाद वर्ष 2021 में फिर परीक्षा दी और आईपीएस बन गए अब दूसरे प्रदेश में पुलिस की सेवाएं दे रहे हैं।



वर्ष 2019 में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बने अजय कुमार गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव देवकली के रहने वाले हैं। उनके पिता रामवीर सिंह इसी गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात रहे। अजय कुमार इन दिनों एसडीएम हैं। वे कहते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा उनके पिता के तैनाती स्कूल पर ही हुई। पिता घर में तो पिता होने का फर्ज निभाते थे और स्कूल में शिक्षक का। गलतियां करने पर स्कूल में जमकर फटकार लगाते थे। पिता की प्रेरणा से ऊंचाई मिली है।



मोहल्ला जय-जयराम की गली पल्लेदारान निवासी दीपक कुमार वर्ष 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। इन दिनों वह मैनपुरी के सहकारिता विभाग में तैनात हैं। वे अपनी सफलता के पीछे शिक्षकों की प्रेरणा बताते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक से लेकर उच्च शिक्षा कासगंज में प्राप्त की। उनके प्रेरणा स्रोत शिक्षक डॉ. जितेंद्र परमार हैं जो सिकंदराराऊ के महाविद्यालय में तैनात हैं। वे हमेशा एक ही सीख देते थे कि भटको नहीं। लगातार लक्ष्य की ओर आगे बढ़ो। उन्हीं की प्रेरणा से मैंने पीसीएस बनने का लक्ष्य तय किया।

## एक नजर

### मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे वर्कशॉप कर्मचारी

**कासगंज।** समस्याओं का निस्तारण न होने पर सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के तत्वावधान में परिवहन निगम मुख्यालय पर सोमवार को एक दिवसीय सत्याग्रह करेंगे। सत्याग्रह सुबह 10 से शाम पांच बजे तक शांति पूर्ण तरीके से किया जाएगा। इस दौरान मांग पत्र में प्रमुख समस्याएं ,संविदा चालकों परिचालकों का शोषण व उत्पीड़न और मृतक आश्रित एवं 2001 तक के संविदा कर्मियों को नियमित करने अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी व्यास के नेतृत्व में होने वाले प्रदर्शन की सफलता के लिए प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह ने रणनीति तैयार कर ली है।

### जहरीली दवा पिलाकर 16 जानवर मारे

**अलीगंज, अमृत विचार :** कोतवाली में अजय पुत्र सोनेलाल निवासी जानीपुर ने अहिलकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 15 जुलाई को अहिलकार ने जानवरों के पीने के पानी में जहरीली दवा मिलाकर पिला दी। इससे उसके 16 जानवरों की मौत हो गई। जबकि और जानवर बेहोश हो गए। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# छत पर मक्का सुखाते समय विद्युत लाइन के तार से करंट लगने पर किसान की मौत

## पत्नी ने पॉवर कार्पोरेशन पर लगाया लापरवाही का आरोप, कार्रवाई के लिए तहरीर दी

संवाददाता, मारहरा

**अमृत विचार:** घर की छत पर मक्का सुखाने के दौरान गांव लालपुर देहमाफी के किसान की विद्युत करंट की लगने से मौत हो गई। उसकी पत्नी ने पॉवर कार्पोरेशन पर जर्जर तारों में बिजली करंट छोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कार्पोरेशन के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे दिलाने की मांग करते हुए तहरीर दी है।



मृतक अनिल

लालपुर देहमाफी निवासी अंकिता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति अनिल कुमार अपने घर की छत पर मक्का सुखा रहे थे। उनकी छत के समीप बिजली लाइन का जर्जर तार लटक रहा था। जबकि बिजली की लाइन खराब पड़ी है। एक सप्ताह पूर्व टूटे तार को बिजली कर्मचारियों ने हाईटेंशन लाइन से जोड़ दिया, जिससे बिजली प्रवाहित होने लगी। इसकी शिकायत पीड़िता ने कई बार अधिकारियों से की थी, लेकिन तार को ठीक नहीं किया गया। एक सप्ताह पूर्व इसी बिजली के तार की चपेट में आकर एक भैंस की मौत हो चुकी है। रविवार सुबह करीब बजे छत पर गया उसका पति अनिल कुमार की बिजली लाइन के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। पीड़िता अंकिता देवी ने विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और मुआवजे दिए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**एटा, अमृत विचार :** नयागांव थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने उसके पति पर शराब पीकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जनपद फर्रुखाबाद के मेरापुर थानान्तर्गत ग्राम सियानी निवासी पिता राजीव मिश्रा ने अपनी बेटी लक्ष्मी (29) की शादी नयागांव थाना क्षेत्र के गांव अदितिया निवासी रामबहादुर पाठक के पुत्र संजीव पाठक के साथ की थी। संजीव दिल्ली में नौकरी करता है। वह घटना से एक दिन पहले ही दिल्ली से आया था। रविवार सुबह लक्ष्मी का शव घर में फंदे पर लटकता मिला। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने आरोप लगाया कि लक्ष्मी की हत्या उसके पति ने की है। वह शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार को शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

### घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

**एटा, अमृत विचार :** मलावन थाना क्षेत्र में मारपीट में घायल हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। मलावन इलाके के गांव दौलपुरा निवासी उत्तम सिंह (65) व अन्य लोगों के बीच मारपीट हुई थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि इस घटना में उत्तम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया था, यहां से रेफर कर दिया, परिजनों का आरोप है कि मारपीट की चोटों से घायल होने के बाद उपचार के दौरान शनिवार की देर सायं उत्तम की मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना संदिग्ध है। फिलहाल तफ्तीश की जा रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा के लिए समिति गठित

**एटा, अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्म जयंती महोत्सव समिति की शहर के होटल गुप्ता पैलेस में शिक्षक नेता गुमान सिंह यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें देवेन्द्र यादव उर्फ बंटी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा का अध्यक्ष तो संतोष यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अशोक कुमार को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गर्ग।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महासचिव ने कहा कि शोभायात्रा निकालने की जो जिम्मेदारी सौंपी है निश्चित ही सभी के सहयोग से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में रामकिशन यादव, वीरेश्वर यादव, प्रवेंद्र यादव, सुरेंद्र शास्त्री,रामनिवास यादव, ब्रजबिहारी शास्त्री, अचल यादव, सर्वेश कुमार यादव, सुनील यादव, प्रशांत यादव, अनिल यादव प्रधान, सुकेश प्रधान, बोबी प्रधान, इंद्रजीत यादव, संतोष यादव पत्रकार, अंजू पत्रकार, बीटू, हर्ष यादव, शिवदयाल फौजी, रविकांत यादव, मल्लू, विजय प्रधान समेत समाज के सैकड़ों सज्जन उपस्थित रहे।

## चेकिंग के दौरान 11 वाहन सीज, 24 का किया चालान



जीटी रोड पर वाहन चेकिंग करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- एआरटीओ ने अवैध बसों के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान

**अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर एआरटीओ सत्येंद्र कुमार ने रविवार को अवैध बसों और वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया है। उन्होंने टीम के साथ सड़कों पर उतरकर वाहन चेक किए। इस अभियान के दौरान 87 स्कूल वाहनों की जांच की, जिनमें से 24 का चालान किया, छह वाहन को सीज कर दिया।

एआरटीओ ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान सड़क पर अत्यधिक भीड़ और वाहनों की संख्या में वृद्धि होती है। ऐसे में यह कदम न केवल स्कूल बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करता है, बल्कि सामान्य यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 24 चालान और 11 वाहन सीज किए।

उन्होंने कहा कि जनपद में सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी वाहन नियमों के अंतर्गत ही संचालित हों, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस तरह की सख्त कार्यवाही न केवल चालकों को नियमों के पालन के प्रति जागरूक बनाती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी भेजती है कि कानून का पालन हर किसी के लिए अनिवार्य है।

# गड्ढेदार रास्ते से गुजरेंगे कांवड़िया

संवाददाता, अमांपुर



अमांपुर से नगला गुलरिया मार्ग पर सड़क टूटने के बाद बने गड्ढे।। ● अमृत विचार

- सड़क टूटने से अमांपुर-नगला गुलरिया मार्ग गड्ढों में तब्दील
- जर्जर मार्ग से होकर गुजरने को मजबूर कांवड़िया

**अमृत विचार:** सड़क टूटने के बाद अमांपुर से नगला गुलरिया मार्ग जगह-जगह ऊबड़-खाबड़ हालत में है। कई जगह सड़क उखड़ने के बाद गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जनप्रतिनिधियों और लोक निर्माण विभाग में शिकायतें भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

अमांपुर से नगला गुलरिया की सड़क सालों से जर्जर है। जगह-जगह सड़क धंस गई है। कई जगह सड़क उखड़ने के बाद गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे कांवड़ियों को निकलने में खासी परेशानी होगी। गंगा घाटों की ओर से आने वाले कांवडियों को इसी मार्ग से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा। शिव भक्तों को कांवड़ यात्रा में कठिन मार्ग पर चलकर अपनी भक्ति की परीक्षा देनी पड़ेगी। उनके मार्ग को आसान बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का ध्यान नही है। इस मार्ग से होकर प्रचीन शिव मंदिर, जाटऊ, इसेपुर, अल्लीपुर, अभयपुरा, पूरनपुर, मझोला, फाकौता, नादरमई, एटा सहित आदि मार्गों पर लोगों का आना जाना रहता है। श्रद्धालुओं को गंगा की तलहाटी से होकर अमांपुर पहुंचते और इसी रास्ते से आगे का रास्ता तय करना पड़ता है। यह मार्ग 5 किलोमीटर तक पूरा जर्जर हो चुका है। और जगह-जगह गहरे गड्ढे है और सड़क भी जगह-जगह से उखड़ गई है, जो कांवड़ियों और राहगीरों के लिए बाधा बन रहे है। कस्बा के केतसिंह वर्मा, पीसी वर्मा, डॉ भगवान सिंह राजपूत, नाथूराम गुप्ता, राकेश पाराशर, रामनरायन मित्तल, विजयप्रकाश गुप्ता, केशवदेव गुप्ता, विजेन्द्र भारद्वाज, बिजेश वर्मा, दरवेश फौजी, रिकू अग्रवाल, पुष्पेंद्र वर्मा, विनय प्रताप सिंह, शीलेन्द सोलंकी, बन्टू यादव, बसन्त गुप्ता, राजू वर्मा सड़क बनाने की मांग की है।

## एटा-टूंडला मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे

**अवागढ़, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने कावड़ यात्रा गुजरने वाले मार्गों को दुरुस्त करने का आदेश जारी किया है। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग लापरवाही बरत रहा है।

कांवड़ यात्रा वाले कई मार्ग ऊबड़-खाबड़ हालत में हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की गई। एटा से टूंडला मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। एटा मार्ग स्थित अवागढ़ के पास ग्राम मोहनपुर और उसके आसपास सड़क पर तमाम गहरे गड्ढे होने के कारण राहगीरों के साथ ही वाहनों चालकों व कांवड़ यात्रियों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। यह जर्जर मार्ग किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रवेन्द्र वार्ष्णेय रिंकू ने कावड़ यात्रियों के हित को देखते हुए जिला प्रशासन से गड्ढों को तुरंत दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

# रोडवेज बस स्टैंड गंदगी का अंबार, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जलभराव और जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से निकल रही बदबू



रोडवेज बस स्टैंड परिसर में भरा पानी।

**अमृत विचार:** जिले भर में संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, लेकिन रोडवेज बस स्टैंड पर गंदगी का अंबार है। यहां गंदगी के ढेर नजर आते हैं, जिससे मच्छर पनप रहे हैं। इससे रोडवेज पर आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मगर अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर पालिका के अधिकारी सफाई कर्मियों की कमी बता रहे है। शनिवार को अमृत विचार की टीम ने रोडवेज बस स्टैंड की पड़ताल की तो तमाम अव्यवस्थाएं मिलीं। बस स्टैंड पर जगह-जगह गंदगी के ढेर मिले। जलभराव से रोडवेज बस स्टैंड का बुरा हाल है। बिना बारिश के बस स्टैंड पर पानी भरा रहता है। कूढ़ा कचरा सड़ने के कारण उससे बदबू निकल रही है। इससे यात्रियों को मुंह पर कपड़ा ढकना पड़ता हैं। गंदगी से रोडवेज आने जाने वाले यात्री परेशान हैं। रात में मच्छर चैन नहीं लेने देते हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है।

> रोडवेज बस स्टैंड पर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। जिससे पानी भरा रहता है। जल निकासी की व्यवस्था कराई जा रही है। गंदगी को लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रोडवेज बस स्टैंड को साफ सुथरा बनाने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है।
> **-विजय कुमार गंगवार**, एआरएम

## सार-संक्षेप

### तीन वाहनों की भिड़ंत में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के नगला कंचन के पास किसान यूनियन की बोलेरो, स्कारपियो और ऑटो के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के बाद ऑटो पलट गया। इससे स्कूटी सवार भी दब गए। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए। ऑटो सवार ने पुरानी रंजिश के चलते टक्कर मारने का आरोप लगाया है। रविवार को दोपहर क्षेत्र के नगला कंचन के समीप किसान यूनियन की बोलेरो और स्कारपियो गाड़ी एक ऑटो से टकराई, उसके बाद स्कॉरपियो व ऑटो पलट गया, बताया गया कि स्कारपियो के नीचे स्कूटी सवार हो गए। दुर्घटना में ऑटो चालक रामप्रताप सिंह पुत्र अभयपाल सिंह निवासी रफतनगर सैंथरा निधौलीकलां के अलावा स्कूटी सवार गुलशन पचौरी और पुष्पलता पत्नी रामबाबू पचौरी घायल हो गईं। सभी घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### कैंसर से उर्दू अनुवादक की मौत



**अलीगंज।** पुलिस लाइन स्थित बंगलादेश कॉलोनी में रहने वाले साबिर खां (59) पुलिस कार्यालय में उर्दू अनुवादक के पद पर तैनात थे। वह पिछले चार-पांच सालों से ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। साबिर खां पिछले करीब 20 सालों से एटा में तैनात थे। इलाज के दौरान रविवार को सुबह 6 :30 बजे साबिर खां की मौत हो गई। इसका पता लगने पर उनके रिश्तेदारों और नजदीकियों में शोक की लहर दौड़ गई।

### घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** मलावन थाने में राजकुमार पुत्र नेम सिंह निवासी दौलपुरा ने गांव के बलवीर पुत्र जीवाराम समेत 4 नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजकुमार ने बताया कि 19 जुलाई को बलवीर साथियों के साथ पीड़ित के घर में घुसा, गाली गलौज की और पिता के साथ मारपीट की, बचाने आए परिजनों को भी पीट पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक को गोली मारकर किया घायल

**मिरहची।** थाने में अतुल पुत्र भूपेन्द्र निवासी रामई ने चेतन उर्फ रामकुमार पुत्र भानुप्रताप समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि 19 जुलाई को गांव के निवासी चेतन उर्फ रामकुमार समेत चार लोगों ने पीड़ित के भाई राहुल को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर हत्या के इरादे से गोली मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### मक्का के रुपये न देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगंज।** कोतवाली में सत्येन्द्र गुप्ता पुत्र बाबूराम गुप्ता निवासी सराय रोड अलीगंज ने उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के बीरआर पौल्ट्री फार्म बाजपुर निवासी साहिल अग्रवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि साहिल द्वारा पीड़ित की फर्म से 32,400 किग्रा मक्का, 2100 रुपए क्वंटल के हिसात से खरीद ली व उक्त मक्का साढे चार लाख दिए तथा शेष रुपए न दिए, मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा शिकायत पर कार्रवाई नहीं की तो अदालत के आदेश से मामला दर्ज कराया गया है।

### गुरु पूर्णिमा पर भैरव बंगीची पर मेला लगा

**एटा, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के दिन नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल नागेश्वर मंदिर चंद्रानंद गिरी के भक्तों ने भोजन प्रसाद कराया। गुरु पूर्णिमा पर्व पर नगर की भैरव बगीची पर मेले का आयोजन किया गया पूजा अर्चना के साथ-साथ साधु संतों का सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की। बच्चों एवं महिलाओं ने चाट पकौड़ों का आनंद लिया।

### पुलिस ने 10 वारंटी समेत 12 आरोपी को दबोचे

**जलेसर।** एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने 10 वारंटियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। जलेसर कोतवाली पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए धरपकड़ अभियान के अंतर्गत 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी डॉक्टर सुधीर राघव ने बताया कि मनोज कुमार, स्वाति लाल, कैलाश चंद्र, दिनेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, जयपाल सिंह, छोटेलाल, रवि कुमार, मेहरुन्निसा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर मिरहची थाना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रहे मानवेन्द्र पुत्र वेदराम सिंह निवासी बढौली को मिरहची कस्बा स्थित चौराहा से गिरफ्तार किया है। इधर बागवाला थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर जानलेवा हमले के आरोपित उमेश कुमार निवासी बागवाला को अलीगंज रोड स्थित नेहचलपुर मोड से बंदी बनाया है। आरोपित द्वारा 23 मार्च को गाली गलौज करते हुए तलवार से हमला किया था।

# दुकानों पर अपने नाम का बोर्ड लगाएं सभी दुकानदार



दुकानदार से अपने नाम का बोर्ड लगाने का निर्देश देते खाद्य निरीक्षक गजेंद्र सिंह।

**जलेसर, अमृत विचार:** शासन ने निर्देश जारी होने के बाद खाद्य निरीक्षक ने सख्ती शुरू कर दी है। सावन में कावड़ यात्रा मार्ग पर खाद्य चीजें बेचने वालों को खाद्य निरीक्षक ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर अपने नाम एवं प्रतिष्ठान के स्वामी का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का बोर्ड लगा लें। सभी अपने प्रतिष्ठा के इर्द-गिर्द सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखें। खाद्य निरीक्षक गजेंद्र रविवार को जलेसर पहुंचे। जहां उन्हें देखकर खाद्य विक्रेताओं में खलबली मच गई। खाद्य निरीक्षक ने व्यापारी नेताओं से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकानदार को खाद्य पदार्थ प्रतिष्ठान पर हर हाल में पट्टिका लगा लें। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद मसूरियादीन की पुण्य तिथि पर गोष्ठी आयोजित

**एटा, अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कांग्रेस पार्टी के सदस्य एवं पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी (बापू जी) की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कटरा मोहल्ले में कांग्रेस पार्टी के सदस्य एवं पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी (बापू जी) के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर ठाकुर अनिल सोलंकी, संजीव गुप्ता, आमिर अली, सावित्री दिवाकर, पंकज गौतम, शीलेन्द्र सिंह, सुनील गौतम एडवोकेट, सुभाष सागर एडवोकेट, सोनवीर सिंह दिवाकर, डाक्टर भरत सिंह शाक्य, ओमप्रकाश सिंह तोमर, खुशी राम दिवाकर, मोहमद तस्बबूर, लल्ला भाई, खुशी राम दिवाकर फौजी, अभिषेक मिश्रा, संजीव गुप्ता, सिद्धार्थ शर्मा, ऋषव भारद्वाज, पुष्पेंद्र बघेल, ओमबीर राजपूत, रंजेश यादव, जिसान अली, सोहिल अली आदि उपस्थित रहे।

# गंगा सेवा समिति ने गंगा स्नान के लिए भेजे दो हजार श्रद्धालु

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार:** श्रवण गंगा सेवा समिति लालपुर द्वारा संचालित गंगा स्नान यात्रा सवा दो वर्ष से लगातार जारी है। समिति सचिव सूर्य प्रताप सिंह सूरज के अनुसार ग्राम लालपुर पर एटा, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस के हजारों श्रद्धालुओ को एकत्रित कर बसों, चार पहिया वाहनों के माध्यम से गंगा स्नान के लिए कासगंज के कछला घाट भेजा गया।

28वीं निः शुल्क गंगा स्नान यात्रा में 21 बसों और कार आदि से लगभग दो हजार से अधिक लोगों को गंगा स्नान के लिए भेजा गया है। सचिव सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि सावन के पवित्र माह में कावड़ यात्रियों के लिए श्रवण गंगा सेवा समिति लालपुर कार्यालय पर जलपान, भोजन, विश्राम, दवा, आदि की कैंप में व्यवस्था की गई है। कार्यालय प्रभारी गपेन्द्र सिंह जादौन गप्पू, वीपी राजा, अतुल कुमार, लोकेंद्र सिंह, अमन, मोनू शर्मा, आदि थे।



श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगा स्नान के लिए भेजते गंगा सेवा सिमिति के सदस्य।

# कांवड़ियों की सुरक्षा को पुलिस तैयार



पुलिस सहायता केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक हरीश शाक्य और एसएसपी डा. ब्रजेश कुमार सिंह।

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** रविवार को कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर के कल्याण चौक स्थित बने अस्थायी पुलिस सहायता केन्द्र का विधायक हरीश शाक्य व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। तथा कावड़ियों को फल बांट कर जलपान कराया।

एसएसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां पर हर समय पुलिस तैनात रहेगी। इसके साथ ही कांवड़ के रूटों पर पुलिस चौकसी बरतेगी। किसी को कोई परेशानी नही होने दी जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी शहर आलोक मिश्रा, क्षेत्राधिकारी उझानी शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक, मनोज कुमार हेड कांस्टेबल अनुपम कुमार, क्षत्रिय महासभा के महामंत्री कौशल राघव प्रताप सिंह, समाजसेवी विषणु गुप्ता एडवोकेट, आदि लोग मौजूद रहे।

## बिना अनुमति चैंबर बना रहे अधिवक्ताओं को रोका, हंगामा

**एटा, अमृत विचार:** बिना अनुमति के कचहरी पर चैंबर बना रहे अधिवक्ता को पुलिस ने रोक दिया। इसका पता लगने पर कई अधिवक्ता एकत्रित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच वहां पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने मामले को शांत कराया।

अधिवक्ता रामखिलाड़ी यादव ने रविवार को अपने कई साथियों के साथ कचहरी पर चैंबर बनाने के लिए काम शुरू किया था। इसकी जानकारी नगर पालिका को दी गई। पालिका का कार्यभार देख रहे एसडीएम वेदप्रिय आर्य मौके पर पहुँच गए। पालिका की कार्रवाई का अधिवक्ताओं ने विरोध कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सीओ विक्रांत द्विवेदी ने अधिवक्ताओं को समझा-बुझाकर काम बंद करा दिया। करीब एक घंटे तक अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच बहस होती रही।

# कछला में धीमे-धीमे बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सिंचाई विभाग के अधिकारी बोले, सिर्फ लो फ्लड के हालात

**अमृत विचार:** पहाड़ों का पानी मैदान में पहुंचकर मुसीबत बढ़ाने का आतुर दिख रहा है। गंगा नदी का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 24 घंटे में 25 सेंटीमीटर तक जलस्तर कछला गंगा नदी में बढ़ा है। हालांकि, अभी पानी गांव की ओर नहीं है, लेकिन ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ती ही जा रही हैं।

हरिद्वार, बिजनौर, नरौरा बैराजों पर पानी का दबाव बढ़ रहा है तो यह पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे धीमे-धीमे नदी उफान पर आ रही है और पानी की गति तेज हो रही है। ग्रामीणों की चिंता बढ़ रही है। ग्रामीण इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यदि पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो फसली भूमि की ओर पहुंचने लगेगा। इससे फसलें बर्बाद होने का खतरा बढ़ जाएगा। इधर, जलस्तर बढ़ने को लेकर सिंचाई विभाग की गंभीरता से पानी की निगरानी कर रहा है। सिंचाई विभाग की टीमें तटवर्ती क्षेत्रों में नजर बनाए हुए हैं।सभी बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे 24 घंटे निगरानी करें। सभी एसडीएम कर रहे हैं निगरानी जिला प्रशासन ने सभी एसडीएम को सतर्कता बरतने की जिम्मेदारी सौंप दी है। कासगंज, सहावर और पटियाली के एसडीएम जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

> जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन अभी कोई खतरा नहीं है। पानी आगे की ओर बढ़ रहा है। **- शमशेर सिंह**, अधिशासी अभियंता सिंचाई


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

पत्रांक : 5075/XXIII-टैक्स-2024-25 दि. 20.07.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सैयद अहसन नकवी पुत्र श्री सैयद महबूब अली नि. मो. काजी, सहसवान द्वारा श्री जमीरूल हसन पुत्र श्री शमसुल हसन नि. मो. काजी सहसवान से एक प्लॉट जो मो. काजी निकट ढण्ड झील, वार्ड सं. 09 (पुरानी सं.) सहसवान में स्थित है को दि. 11.12.1990 में खरीदा गया था जिसको क्रेता द्वारा बैनामा न कराकर मात्र स्टाम्प पर ही लिखा लिया गया था इस प्लॉट पर श्री सैयद अहसन नकवी द्वारा अपने मकान का निर्माण करा लिया गया है और इसी मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से एक प्रार्थना-पत्र मय स्टाम्प नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती लतीफन पत्नी श्री महमूद नि.मो. पठानटोला, सहसवान द्वारा अपने एक किता मकान जो मो. पठानटोला निकट मकान मुश्ताक व मो. मियां राईन वार्ड सं. 22 सहसवान में स्थित है की वसीयत अपने पौत्र श्री नासिर अली पुत्र श्री असद नि.मो. पठानटोला, सहसवान के नाम की गयी जिसका पंजीकरण दि. 29.05.2015 को हुआ था श्रीमती लतीफन की वर्ष 2017 में मृत्यु हो चुकी है। इसी मकान पर अपने नाम से पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने के उद्देश्य से श्री नासिर अली पता उपरोक्त के द्वारा एक प्रार्थना-पत्र मय पंजीकृत वसीयत नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भवनों पर पालिका द्वारा जलकर व गृहकर निर्धारण से संबंधित यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवनों पर जलकर-गृहकर की वसूली के उद्देश्य से करों का निर्धारण कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट : उपरोक्त भवनों पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली के उद्देश्य से है जिसका स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं है। अत: आप सूचित हों।

| क्रमांक | वार्ड की पुरानी संख्या | भूमि/भवन विक्रेता का नाम व पता | भूमि/मकान क्रेता का नाम व पता | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09 | श्री जमीरूल हसन पुत्र श्री शमसुल हसन नि.मो. काजी सहसवान जिला बदायूँ। | श्री सैयद अहसन नकवी पुत्र श्री सैयद महबूब अली नि.मो. काजी सहसवान जिला बदायूँ। | स्टाम्प |
| 2. | 22 | श्रीमती लतीफन पत्नी श्री महमूद नि.मो. पठानटोला सहसवान (बदायूँ।) | श्री नासिर अली पुत्र श्री असद नि.मो. पठानटोला सहसवान बदायूँ। | वसीयत नामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

## एक नजर

### 28 जुलाई को कोल्हापुर आएंगी राष्ट्रपति मुर्मु

**कोल्हापुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 जुलाई (रविवार) को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में पन्हाला तहसील के वर्णनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यहां आएंगी। मुर्मु के दौरे के मद्देनजर कलेक्टर कार्यालय में रविवार को जिला कलेक्टर अमोल येडगे और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) महेंद्र पंडित की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। राष्ट्रपति 28 जुलाई की सुबह यहां पहुंचेंगी और सीधे करवीर निवासिनी देवी श्री महालक्ष्मी मंदिर जाकर देवी की पूजा-अर्चना करेंगी। वहां से वे नए वर्ण विश्वविद्यालय के उद्घाटन सहित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करने के लिए वर्णनगर जाएंगी और फिर शाम में पांच बजे बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

### मीणा के काफिले में शामिल कार क्षतिग्रस्त

**भरतपुर।** राजस्थान के सवाईमाधोपुर में मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाडौती पुलिस चौकी के सामने तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के काफिले में शामिल तीन लग्जरी कार रविवार को आपस मे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रविवार दोपहर सवाई माधोपुर पहुंचे मंत्री डॉ. मीणा का काफिला हादसे के समय सवाई माधोपुर से लालसोट की तरफ जा रहा था। दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई। हादसे के वक्त मंत्री डॉ. मीणा की कार काफिले में सबसे आगे चल रही थी। कार को डंपर से बचाने के प्रयास में कार ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिया जिसकी बजह से उनके पीछे की तीन कार आपस में भिड़ गई।

### जालसाजी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के विधायकपुरी थाना क्षेत्र में जालसाजी से प्रॉपर्टी बेचने के आरोपियों की गिरफ्तारी मांग को लेकर पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित एवं सूरजपोल निवासी अकील अहमद ने रविवार को यहां मीडिया को बताया कि विधायकपुरी थाने में दो साल पहले उनकी पत्नी फरजाना (52) ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था कि चमेली मार्केट में उन्होंने एक प्रॉपर्टी खरीदी और उसका पट्टा एवं अन्य दस्तावेज भी उनके नाम पर है लेकिन आरोपियों ने जालसाजी कर उनकी प्रॉपर्टी का कुछ हिस्सा बेचान कर दिया। उन्होंने बताया कि विधायकपुरी थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी गई। इस पर पुलिस ने मामले की जांच की लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

### गुजरात की जेल से शराब मोबाइल फोन बरामद

**कच्छ।** गुजरात की एक जेल में पुलिस द्वारा अचानक की गई छापेमारी में शराब, मोबाइल फोन और नकदी सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की गईं, जबकि छह कैदी नशे में पाए गए। इसके बाद जेलर और चार अन्य जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि गांधीधाम की गलपादर जिला जेल में छापेमारी के बाद हत्या के मामलों में गिरफ्तार कुछ खूंखार अपराधियों समेत नौ कैदियों पर मद्य निषेध अधिनियम और कैदी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि जिला पुलिस की टीमों को शराब से भरी एक बोतल, चार मोबाइल फोन और 50,000 रुपये नकद मिले हैं। कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने बताया छापेमारी में कैदियों के पास से मोबाइल फोन, शराब और नकदी जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की गईं।

# विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है : मोदी

## भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के समारोह में बोले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को विश्व की भलाई और दिलों को जोड़ने के लिए विरासत की क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विरासत सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना है। यहां भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के उद्घाटन समारोह में मोदी ने अपने संबोधन में विरासत की सार्वभौमिकता को भी रेखांकित किया और कहा कि जब भी कोई ऐतिहासिक स्थलों को देखता है, तो हमारा मन वर्तमान भू-राजनीतिक कारकों से ऊपर उठ जाता है। भारत पहली बार 21 से 31 जुलाई तक यूनेस्को के प्रमुख कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। मोदी के साथ मंच पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले, विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य लोग मौजूद थे। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में एक प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें वापस लाई गईं कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।


नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

पीएमओ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां वापस लाई जा चुकी हैं। इस दौरान मोदी के साथ यूनेस्को की महानिदेशक भी मौजूद थीं जिन्होंने साड़ी पहन रखी थी। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन कलाकृतियों की वापसी वैश्विक उदारवाद एवं इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 46वां डब्ल्यूएचसी सत्र विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक में हो रहा है। मोदी ने उन अभियांत्रिकी उपलब्धियों की भी सराहना की जो प्राचीन विरासत स्थलों में दिखाई देती हैं। उन्होंने उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर और तमिलनाडु में चोल शासकों द्वारा निर्मित बृहदीश्वर मंदिर का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत सिर्फ इतिहास नहीं है, यह विज्ञान भी है। भारत की विरासत में शीर्ष स्तर की अभियांत्रिकी की गौरवशाली यात्रा भी देखी जाती है। 150 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। डब्ल्यूएचसी की साल में एक बार बैठक होती है और यह विश्व धरोहर स्थलों से संबंधित मामलों के प्रबंधन एवं यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों के बारे में निर्णय लेने का दायित्व देखती है।

## बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दो करोड़ देंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वोत्तर राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस कदम के लिए हेमंत सोरेन और झारखंड के लोगों का आभार जताया।

हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा- आपदा की घड़ी में झारखंड देश के राज्यों के साथ हमेशा संवेदनशीलता के साथ खड़ा रहा है। मां कामाख्या से मैं विनती करता हूं कि असम वासी बाढ़ की इस विभीषिका से उबर कर जल्द सामान्य जीवन यावन शुरू करेंगे। उल्लेखनीय है कि असम में अब तक बाढ़ से 113 लोगों की मौत हो चुकी है और असम के 10 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।

# अभियान में लापरवाही या देरी नहीं हुई : सिद्धरमैया

**अंकोला (कर्नाटक), एजेंसी**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को शिरूर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया, जहां पिछले सप्ताह भारी भूस्खलन हुआ था। उन्होंने अधिकारियों और बचाव दलों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए, क्योंकि क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य में उनकी सरकार की ओर से कोई लापरवाही या देरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सिद्धरमैया ने कहा, 16 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर भूस्खलन के कारण लगभग 10 लोग लापता हो गए थे। उनमें से सात के शव बरामद कर लिए गए हैं। एसडीआरएफ के 44 और एनडीआरएफ के 24 कर्मी बचाव अभियान का हिस्सा हैं। भारी बारिश के बीच भूस्खलन स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सेना


● बोले- भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए

के 44 जवान भी आज वहां पहुंच गए हैं, जबकि नौसेना पहले दिन से ही अभियान में सहायता कर रही है। उन्होंने कहा, भूस्खलन की चपेट में एक खाली गैस टैंकर और एक भरा हुआ टैंकर (गैस का नियंत्रित रिसाव अब किया जा चुका है) समेत कई वाहन आए थे। घटनास्थल पर एक चाय की दुकान थी और इस घटना में इसे (चाय दुकान) चलाने वाले एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई थी...मैंने जिला प्रशासन और जिला प्रभारी मंत्री से बचाव अभियान तेजी से पूरा करने को कहा है, क्योंकि भारी बारिश हो रही है।

# दिल्ली विवि के कॉलेजों के लिए 100 करोड़ रुपये जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ रुपये का कोष जारी किया। दिल्ली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता की दूसरी किस्त के तहत इन कॉलेजों को यह राशि दी गई है। रविवार को जारी किए एक बयान के अनुसार, दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12 कॉलेजों के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, भगिनी निवेदिता कॉलेज, भास्कराचार्य कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, केशव महाविद्यालय, महाराजा


● दिल्ली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता की दूसरी किस्त के तहत कॉलेजों को राशि दी गई

अग्रसेन कॉलेज, महर्षि वाल्मिकी कॉलेज, शहीद राजगुरु कॉलेज और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज को कोष दिया गया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से इन संस्थानों का बजट तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है। आतिशी ने कहा कि शिक्षा हमेशा से केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है।

## सर्विस राइफल से गोली लगने से पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** ड्यूटी पर तैनात 43 वर्षीय एक पुलिसकर्मी को कथित तौर पर सर्विस राइफल गलती से चलने से गोली लग गई, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह आत्महत्या का मामला तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी नगरोटा के रहने वाले थे और उनका नाम जय राज था। वह चन्नी इलाके में ड्यूटी पर थे, तभी आज शाम उनकी राइफल से गोली चल गई। अधिकारियों बताया कि उनके सहकर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें कई गोलियां लगी थीं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि राज की मौत राइफल से दुर्घटनावश गोली चलने से हुई है या आत्महत्या की है।

# स्कूल भर्ती घोटाले में पार्थ की गिरफ्तारी हो सकती है तो नीट में प्रधान की क्यों नहीं

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि अगर पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किया जा सकता है तो राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में गड़बड़ी को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा सकता। बनर्जी ने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राज्य में लोकसभा चुनाव में इसलिए खराब प्रदर्शन रहा कि वह जीत के लिए केंद्रीय एजेंसियों और धन बल के भरोसे थी।

बनर्जी ने यह भी कहा कि पार्टी उन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी जो लोकसभा चुनावों के दौरान


● शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए बोले तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी

परिणाम देने में विफल रहे। टीएमसी नेता ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव परिणाम के विश्लेषण में व्यस्त थे, इसलिए लोगों के बीच नहीं आ रहे थे। उन्होंने कहा, 21 जुलाई 2022 के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय ने पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मारा था और उन्हें गिरफ्तार किया था। हम गलती करने वाले व्यक्ति का बचाव नहीं करते। बनर्जी ने कहा, हम अन्याय बर्दाश्त नहीं करते। लेकिन, अगर केंद्रीय एजेंसियां एसएससी-टीईटी घोटाले के लिए पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मार सकती हैं और उन्हें गिरफ्तार कर सकती हैं, तो धर्मेंद्र प्रधान को नीट घोटाले के लिए क्यों नहीं गिरफ्तार किया जाना चाहिए? उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को देश की आजादी के बाद भारत में सबसे बड़ा घोटाला करार दिया।

उन्होंने दावा किया कि राज्य के लोगों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया क्योंकि केंद्र में उसकी सरकार ने पश्चिम बंगाल के लिए निधि रोक दी थी। बनर्जी ने कहा, टीएमसी से लड़ने में असमर्थ भाजपा नेताओं ने गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए हमला किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हक की मनरेगा और आवास योजना के कोष को रोक दिया। उन्होंने सड़कों के निर्माण, पानी और मध्याह्न भोजन के लिए निधि रोक दी।

## सीने में दर्द के बाद पूर्व मंत्री सेंथिल को अस्पताल ले गए

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय के एक मामले में यहां की जेल में बंद तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद रविवार को जेल अधिकारियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बालाजी ने बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें पुझल केंद्रीय कारागार के अधिकारियों द्वारा सरकारी स्टेनली अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद उन्हें आगे के उपचार और निगरानी के लिए सरकारी ओमनदुरार मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पिछले साल गिरफ्तारी के बाद बालाजी को कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एक निजी अस्पताल में उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी।

# जिंदल समूह के अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**कोलकाता, एजेंसी**

● एक महिला यात्री के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में की गई कार्रवाई

जिंदल समूह की एक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ कोलकाता-अबू धाबी उड़ान में एक महिला यात्री के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिधाननगर सिटी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के माता-पिता द्वारा शनिवार को कोलकाता के उत्तरी बाहरी क्षेत्र स्थित हवाई अड्डा थाने में दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने अपनी शिकायत ईमेल भी की है जिसे वे औपचारिक मान रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए उसके साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई जा रही है। महिला यात्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में आरोप लगाया था कि कंपनी के कार्यकारी अधिकारी ने उसे मूवी क्लिप बताकर कुछ अश्लील वीडियो दिखाए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारत न्याय संहिता की धारा 74 (किसी महिला की गरिमा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 75 (किसी महिला की गरिमा को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई शब्द बोलना या इशारे करना या किसी भी रूप में कोई वस्तु प्रदर्शित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को जिंदल स्टील एंड पावर के प्रमुख नवीन जिंदल ने कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों की जांच का वादा करते हुए कहा था कि उनके समूह की ऐसे मामलों में कतई बर्दाश्त नहीं की नीति है।

## आस्था


रविवार को वारंगल के भद्रकाली मंदिर में आषाढ़म के अवसर पर देवी भद्रकाली को शाकंभरी के रूप में सजाया गया।

# खरगे ने ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कुछ दिन बाद रविवार को ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) को भंग कर दिया। कांग्रेस की ओर से एक बयान जारी करके कहा गया कि खरगे ने पूरे ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूप से भंग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के अलावा जिला, प्रखंड और मंडल स्तर की कांग्रेस कमेटी, संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ शामिल हैं।

बयान में कहा गया, नए जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति होने तक मौजूदा अध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। अब तक शरत पटनायक ओडिशा प्रदेश कांग्रेस के


● नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति तक मौजूदा अध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे

अध्यक्ष थे। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने कहा, संगठन के पुनर्गठन के इरादे से ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पूर्ण रूप से भंग करने के मेरे प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के सी वेणुगोपाल जी को धन्यवाद देता हूं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में ओडिशा की 21 में से एक संसदीय सीट और विस चुनाव में 147 में से 14 सीट पर जीत दर्ज की थी।

# एसआईटी के आदेश पर प्रधान पति व उसका भाई गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार**

दलित युवक राम बुझारत द्वारा थाने के सामने किये गये आत्मदाह मामले में दर्ज मुकदमे में नामित प्रधान पति व उसके भाई को एसआईटी के आदेश पर पुलिस ने जेल भेजा है।

निर्माणाधीन गेंडास बुजुर्ग थाने के सामने दलित युवक के कीमती भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा था जिस से क्षुब्ध होकर 24 अक्तूबर 2023 को दलित युवक राम बुझारत ने निर्माणाधीन स्थल के सामने आत्मदाह कर लिया था। आत्मदाह मामले में आरोपियों के ऊपर स्थानीय थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। मृतक की पत्नी कुसुमा देवी ने थक हार कर न्यायालय का सहारा लिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर ने गेंडास बुजुर्ग के प्रधान पति उसके भाई हल्का लेखपाल दिनेश पटेल, राजस्व निरीक्षक अखिलेश वर्मा सहित छः लोगों पर आत्मदाह के लिए प्रेरित करने व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

मुकदमे की विवेचना सीओ उतरौला कर रहे थे जिसको स्थान्तरित करके जनपद बहराइच के कैसरगंज के सीओ को सौंपी गयी थी। प्रकरण में उच्च न्यायालय ने एसआईटी जांच का आदेश दिया और उक्त विवेचना को एसआईटी को सौंप दी गयी जिसकी विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय द्वारा किया जा रहा है। दौरान विवेचना एफआईआर में नामजद गेंडास बुजुर्ग प्रधान पति राजेश वर्मा उसके भाई राकेश वर्मा को गेंडास बुजुर्ग थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## गुजरात में चांदीपुरा वायरस से पांच मौतें

**अहमदाबाद।** गुजरात में रविवार को चांदीपुरा वायरस के 13 नए संदिग्ध मामले सामने आए और पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। नवीनतम मामलों के साथ राज्य में अब तक पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 84 हो गई है, जबकि मृतकों की संख्या 32 हो गई है।

अहमदाबाद (दो संक्रमण), अरावली (दो), बनासकांठा (दो), सुरेंद्रनगर (एक), गांधीनगर (एक), खेड़ा (एक), मेहसाणा (एक), नर्मदा (एक), वडोदरा (एक) और राजकोट से (एक) नए संदिग्ध मामले सामने आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा कि संदिग्ध तौर पर चांदीपुरा वायरस के कारण हुई पांच मौतों में एक-एक महिसागर, खेड़ा और वडोदरा और दो बनासकांठा में हुईं।

# यूक्रेन के हमले में डोनेत्स्क क्षेत्र में दो लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के खिलाफ रविवार को ड्रोन, मिसाइल और गोलाबारी की। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के आंशिक रूप से कब्जे वाले डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हो गए। रूस ने कहा कि उसने पूर्व दिशा में अग्रिम पंक्ति में दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया है, एक खारकीव क्षेत्र में और दूसरा लुहांस्क क्षेत्र में।

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने बताया कि डोनेत्स्क क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले इलाकों में यूक्रेन की गोलाबारी में होर्लिव्का गांव में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय

● रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे के खिलाफ रविवार को ड्रोन मिसाइल और गोलाबारी की

अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि दक्षिणी यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में तीन लोग घायल हो गए। देश के उत्तर-पूर्व में, खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रूसी गोले की चपेट में आने से एक गांव में दो लोग घायल हो गए।

वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशुक के अनुसार, रविवार रात में यूक्रेन की वायु रक्षा ने रूस द्वारा प्रक्षेपित 39 ड्रोन में से 35 को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइल और दो गाइडेड एयर मिसाइल प्रक्षेपित कीं, जो अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं।

# पन्नू की हत्या की साजिश पर भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक, प्रभावी रही: सुलिवन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने कहा है कि सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों के संबंध में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही है, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। इस साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की कथित रूप से संलिप्तता का दावा किया गया है।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारत सरकार के कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप



● साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की कथित रूप से संलिप्तता का दावा किया गया

लगाया था। गुप्ता को पिछले साल जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को उन्हें अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। सुलिवन ने कहा, इस मुद्दे पर भारत के साथ हमारी रचनात्मक बातचीत हुई है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम इस पर क्या रुख रखते हैं और हम क्या देखना चाहते हैं। मेरे विचार से यह (बातचीत) सम्मानजनक और प्रभावी रही है, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। सुलिवन ने पन्नू की हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों को लेकर एक सवाल पर शुक्रवार को कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में यह बात कही।

भारत ने आरोपों से इनकार किया है लेकिन इसकी जांच के लिए एक आंतरिक जांच टीम का गठन किया है। भारत के साथ बातचीत के बारे में सुलिवन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उस बातचीत की प्रकृति के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने का कोई खास महत्व है। यह संवेदनशील मुद्दा है। हम इस पर काम कर रहे हैं...इस मुद्दे पर भारत के साथ हमारी रचनात्मक बातचीत हुई है।

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

## संपादकीय

# बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत की दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

# बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

**वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।**

**बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरुद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।**

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

## प्रसंगवश

# तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

# कांवड़ यात्रा में कई सच



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

**अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।**

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

## सोशल फोरम

# वेद व्यास का दिन



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

**वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।**

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं।

महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।

**– फेसबुक वॉल से**

# माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैं:

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिएः

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।

# निजीकरण का विरोध क्यों



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।

निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी करने वालो को तगड़ा जवाब भी दिया है। आने वाले बजट सत्र में सरकार को सार्वजनिक उपक्रमों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी निजी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के विषय में सोचना चाहिए, जिसकी मांग भी उठ रही है, क्या सरकार देशहित में ऐसा करेगी।

# एफडीआई को आकर्षित करने के लिए बनाई तीन कंट्री डेस्क

## कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोपीय देश और जापान शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए तीन कंट्री डेस्क बनाई गई है। कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोप व जापान को शामिल किया गया है। हेल्प डेस्क विभिन्न देशों की कंपनियों को निवेश प्रक्रिया के बारे में समझाने व निवेश सुगम कराने का कार्य करेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि ये डेस्क परियोजना स्थलों की पहचान करने व भूमि अधिग्रहण में कंपनियों की सहायता करेंगी। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने के साथ ही, निवेशकों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृतिया व अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता करेंगी। सरकारी अधिकारियों के साथ कंपनियों के संवाद को सुविधाजनक बनाने का कार्य करेंगी। अधिकारियों



ने बताया कि एफडीआई को आकर्षित करने व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समर्पित एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 व फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 की घोषणा की है। इसका लक्ष्य वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश को निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। 'इन्वेस्ट यूपी' के जरिये इस नीति का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

तीनों कंट्री डेस्क्स के कार्य में सहयोग करने के लिए उद्यमी मित्रों, समन्वय अधिकारियों व सलाहकारों को भी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक कंट्री डेस्क की जिम्मेदारी निवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देना व निवेश प्रक्रिया को आसान बनाना होगा।

### डेस्क में शामिल हैं ये अधिकारी

अमेरिका प्लस डेस्क (संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए और कनाडा) में कंट्री लीड प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग अनिल कुमार सागर हैं। यूरोप प्लस डेस्क (यूके, नीदरलैंड्स, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन व स्विटज़रलैंड) के कंट्री लीड सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग व मुख्य कार्यपालक अधिकारी-इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश हैं, जबकि जापान प्लस (जापान व दक्षिण कोरिया) के कंट्री लीड अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी हैं।

## फलीस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार गिरफ्तार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में ताजिया के जुलूस के दौरान थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली में फलस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। धनौली में पिछले बुधवार को ताजिया जुलूस के दौरान कुछ युवकों ने कथित रूप से फलस्तीन का झंडा लहराया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुस्लिम समुदाय ने 'आशूरा' के मौके पर पिछले बुधवार को पूरे देश में ताजिया जुलूस निकाले। 680 ईस्वी में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को मुहर्रम (इस्लामी महीने) की 10 तारीख को शहीद कर दिया गया था। थाना मलपुरा प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी ने बताया कि वीडियो के आधार पर शनिवार शाम में चार आरोपियों--फैजान, अशरफ, अलीम और अरमान को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पाप का कोई सहभागी नहीं, व्यक्ति होता है खुद जिम्मेदार : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरु पूर्णिमा पर गोरखपुर में हुए कार्यक्रम में शामिल हुए योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाप का कोई सहभागी नहीं होता, बल्कि स्वयं व्यक्ति जिम्मेदार होता है। इसलिए हमें हमेशा सद्मार्ग पर चलना चाहिए। माता-पिता पहले गुरु हैं। इसके बाद स्कूली शिक्षक, पुरोहित-कुलगुरु, बड़ा भाई और ऋषि-संतों की परंपरा, गोत्रों की परंपरा भी गुरु परंपरा में शामिल होती है। गुरु परंपरा का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे मार्ग पर अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के संत बनने से पूर्व के जीवन की कथा सुनाई और संदेश दिया कि कोई भी गलत काम में हासिल होने वाले पाप में भागीदार नहीं बनना चाहता है। राम ने जीवन में मर्यादा को महत्व दिया। हर कार्य की लक्ष्मण रेखा तय की, संबंधों को मर्यादित तरीके से जीना सिखाया। इसी तरह कृष्ण ने कर्म की प्रेरणा दी। आज अधिकतर लोग कम कर्म के बदले अधिक हाइलाइट होने के प्रयास में रहते हैं, जबकि कृष्ण ने निष्काम कर्म की प्रेरणा दी है। विशेष अनुष्ठान पूरा किए जाने के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ समेत सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को नाथपंथ की परंपरा के अनुसार, उन्हें तिलक लगाया।

### गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की



मुख्यमंत्री ने गोरक्षनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ, दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन का भी पूजन-अर्चन किया।

## सार-संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में जाने से दो मजदूरों की मौत

कौशांबी, एजेंसी। कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में पानी की टंकी के निर्माण के दौरान हाई टेंशन तार से करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। सराय अकिल थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के घोसिया गांव में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा था और इस दौरान रविवार सुबह मजदूरों द्वारा उठाया गया सरिया ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से छू गया, जिसके कारण करंट की चपेट में आने से पंकज (26), गिरधारी (29), ओमवीर तथा दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। सिंह ने बताया कि इलाज के लिए ले जाते समय पंकज व गिरधारी की रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि ओमवीर का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है तथा घटना में झुलसे दो अन्य मजदूरों का इलाज मंझनपुर स्थित तेजमती अस्पताल में किया जा रहा है। एसएचओ ने बताया कि मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### बहराइचः नहाने गए दो लड़कों की डूबने से मौत

बहराइच, एजेंसी। बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रिश्ते में चाचा-भतीजा लगने वाले दो बालकों की तालाब में स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकेरवा के मजरा नत्थूपुर निवासी आयुष वर्मा (14) और प्रतीक वर्मा (13) गर्मी अधिक होने के चलते शनिवार शाम करीब पांच बजे रमकुंडा तालाब में स्नान करने गए थे। पुलिस ने बताया कि स्नान करते समय दोनों किशोर डूब गए। शोर होने पर गांव के गोताखोरों ने दोनों को तालाब से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया।

### नेपाली तस्कर गिरफ्तार, 63 लाख की स्मैक बरामद

बहराइच, एजेंसी। नेपाल की सीमा से लगते रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर के पास से 63 लाख रुपये मूल्य की 125 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को बहराइच जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में चौरी कुटिया मोड़ के पास नेपाल के नागरिक अनवर अली को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 125 ग्राम स्मैक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 63 लाख रुपये बतायी जाती है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके खिलाफ रूपईडीहा थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दो अक्टूबर 1911 को प्रयागराज के जोंधवल में जन्मे मसूरियादीन पासी एक महान समाज सुधारक थे। वह देश की आजादी के लिए कई बार जेल गये। प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र फूलपुर व चायल से चार बार सांसद रहे। सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार सामाजिक न्याय को खत्म कर देश को धार्मिक व जातीय विभेद की तरफ ले जाना चाहती है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, पूर्व विधायक इन्दल रावत, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, अनामिका यादव, सुनीता रावत, मुन्ना लाल भारती, डॉ रिचा शर्मा आदि शामिल रहे।

## ऊर्जा निगमों में भी लागू की जाए पुरानी पेंशन योजना

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग शुरू हो गई है। बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री से इसका लाभ दिए जाने की मांग की है।

इस सिलसिले में रविवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की बैठक हुई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गईं रिक्तियों के अंतर्गत नियुक्त अभियंताओं को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 28 जून 2024 को शासनादेश के जरिये उन सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है जिनकी रिक्तियां 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गई थीं। इस शासनादेश के तहत परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं व प्रदेश सरकार की ओर से अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश की आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं, इसलिए शासनादेश के अनुरूप ऊर्जा निगमों के अभियंताओं को भी इसका लाभ दिया जाए।

### बिजली दरों के निर्धारण के लिए जनसुनवाई पूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चल रही जनसुनवाई पूरी हो गई है। दरों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग ने 24 जुलाई को आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर कड़ा विरोध किया है।

## भाट समाज को एससी वर्ग में शामिल करने के मामले में जवाब-तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाट समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यूओआई (केंद्र सरकार) और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में बताया गया है कि आजादी के 75 साल के बाद भी भाट समुदाय को विमुक्त जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हालांकि वे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थायी जीवन जी रहे हैं और राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक रोजगार और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया है।

भाट समुदाय को मई 1961 के शासनादेश द्वारा विशेष दर्जा दिया गया था, जिसमें भाट समुदाय को विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जनजातियों के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रावधान किया गया था।

## गोंडा ट्रेन हादसा: 50 कर्मियों के बयान दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय दिल्ली से पहुंची सीआरएस की टीम

**अमृत विचार :** गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर हुई ट्रेन दुर्घटना की रविवार को शुरू हो गई। जांच के लिए 21 जुलाई की सुबह टीम दिल्ली से सीधे लखनऊ पहुंची। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय में रेलवे संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने पहले रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश जारी किये। इसके बाद जांच के लिए तकरीबन 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाया गया है। बारी-बारी सभी के बयान दर्ज किये गए। इस दौरान अन्य अधिकारी और कर्मचारी रेल हादसे में मामले पर अपनी रिपोर्ट लेकर वहां पहुंचे।

रेल संरक्षा आयुक्त हादसे में अपनी रिपोर्ट ग्राउंड रिपोर्ट और अधिकारियों के बयान के बाद प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद रेल दुर्घटना के मामले में जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी और उन पर एक्शन लिया जायेगा। बताते चले कि संरक्षा



आयुक्त ने शनिवार को दुर्घटना स्थल का भी निरीक्षण किया था। आज डीआरएम मुख्यालय में जांच को लेकर अफरातफरी का माहौल रहा। रेलवे संरक्षा आयुक्त ने यहां पर सुबह 11 बजे से जांच शुरू कर दी। जांच के पहले दिन कैरेज एंड वैगन (सीएनडब्ल्यू), इंजीनियरिंग, सिग्नल, आरपीएफ, पर्सनल, हेल्थ और सेफ्टी डिपार्टमेंट के कर्मचारी पहुंचे। संरक्षा आयुक्त और टीम ने सभी काफी पूछताछ की। संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर बढ़ रही जांच बैठक में लोको पायलट त्रिभुवन नारायण, सहायक लोको पायलट राज, ट्रेन मैनेजर विश्वजीत सरकार और की मैन से भी रिपोर्ट भी ली जा रही है। इसके साथ रनिंग स्टॉफ, ट्रैक मेंटेनर और ट्रैक मशीन का काम देख रहे अधिकारी और कर्मचारी से भी बयान लिए गए। इस दौरान छह अधिकारियों ट्रैफिक इंस्पेक्टर गोंडा जेसी श्रीवास्तव, चीफ लोको इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर गोंडा वेद प्रकाश मीना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मनकापुर पीके सिंह, जेई शिवम पांडेय, सोमराज आईपीएफ की संयुक्त रिपोर्ट पर चर्चा कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा।

## चार वर्ष पहले गांव से निकला जीशान बना करोड़ों का मालिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में दो फ्लैट, सलोन में पांच मकान और वाणिज्यिक संपत्तियों की चर्चा

**अमृत विचार :** चार वर्ष पहले रायबरेली के गढ़ी इस्लाम नगर से रोजगार करने के लिए सलोन कस्बे पहुंचा जीशान देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया। बताया जा रहा है कि उसने अवैध निवास प्रमाण पत्र के जरिए करोड़ों रुपये कमाए और खूब संपत्तियां खरीदीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह भी जीशान के समानांतर रुपये कमाता रहा और संपत्तियां खरीदता रहा। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

बताते चलें कि सलोन के एक गांव में 19,700 अवैध निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। विधायक अशोक कुमार ने दावा किया कि इसमें से ज्यादातर प्रमाण पत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए बनाए गए थे। असम की जेल में बंद एक बांग्लादेशी कैदी के आईडी कार्ड में सलोन का पता दर्ज था, जिसके बाद असम की सुरक्षा एजेंसियां रायबरेली पहुंची थीं और शिनाख्त की थी। बाद में पता चला कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह, जीशान व रियाज ने मिलकर 19,700 अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाए। जिला प्रशासन भी इतने बड़े पैमाने पर बने निवास प्रमाण पत्र को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले सका। विधायक के प्रयास से एटीएस की टीम मौके पर पहुंची, बाद में एनआईए ने भी जांच शुरू करने का दावा विधायक अशोक कुमार की ओर से किया गया। रविवार को आरोपियों की संपत्तियों पर चर्चा शुरू हुई। एटीएस सूत्रों के मुताबिक जीशान ने प्रमाण पत्र बनाकर करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अर्जित की हैं। दो फ्लैट लखनऊ स्थित गोमती नगर विस्तार में खरीदे हैं, जबकि पांच मकान सलोन कस्बे में खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने घर से भी काफी धनराशि जब्त की है। इतनी ही संपत्तियां ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह के पास भी पाई गई हैं। अब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज करते हुए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की है।

### आईएसआई की संलिप्तता की आशंका जताते हुए गृहमंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, रायबरेली : सलोन में फर्जी प्रमाण पत्र मामले में तार आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है। यह दावा करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिलसिले में विगत 17 जुलाई को आपके समक्ष पत्र भेजा जा चुका है। पुनः लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में आईएसआई की संलिप्तता की संभावना अधिक है। जनसुविधा केंद्र संचालक जीशान खान व उसके पिता रियाज खान मास्टर माइंड हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। कहा कि इन्होंने करोड़ों की संपत्ति फर्जी प्रमाण पत्रों को बनाने से अर्जित की है। यह सारा पैसा विदेशों से आया है, इसकी संभावना प्रतीत हो रही है।

## मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, एजेंसी।** फखरपुर क्षेत्र में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि 17 जुलाई को गजाधरपुर में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराते हुए कुछ अज्ञात व्यक्तियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसका संज्ञान लेकर फखरपुर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने एक अभियुक्त अबू तालिब को गिरफ्तार किया था तथा विवेचना के दौरान दूसरे अभियुक्त गजाधरपुर निवासी सिरताज को रविवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया।

## वर्ग पहेली-138

**बाएं से दाएं**

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।



### वर्ग पहेली -137 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 ने | 2 च | की |
| 3 दा | ह | ना | | तु | |
| | | | | रा | |
| | 4 म | ज | 5 मू | ई | |
| 6 चू | क | | ल | | 7 त |
| | बू | | तः | | ड़ा |
| 8 बा | ज़ा | री | | | ना |

## सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 9 | | 2 | |
| | 3 | | 4 | | | | 8 | |
| 9 | | | 5 | | | 4 | | |
| 7 | | 4 | | 6 | 2 | | 5 | |
| 2 | | 6 | | | | 3 | | 7 |
| | 5 | | 9 | | | 1 | | 2 |
| | | 2 | | | 3 | | | 6 |
| | 6 | | | | 7 | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | | | | 4 |

### सुडोकू -50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृष** — आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**मिथुन** — आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

**कर्क** — आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**सिंह** — आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

**कन्या** — आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

**तुला** — आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु** — आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

**मकर** — आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

**कुंभ** — आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

**मीन** — आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
स्वीकार किया मैंने — सुबह : 08.08
शादी में जरूर आना — रात : 09.51

&pictures
भोला — सुबह : 10.53
विवाह — रात : 08.00

SONY PIX
द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10.07
चार्लीज एंजल्स — शाम : 05.51

ZEE CINEMA
गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.43
नाग भूमि — रात : 08.00

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — सुबह : 10.54
भगवंत केसरी — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेंरे ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेंरें ख्वाब में आया था।

## एक नजर

### पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

### अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

**नयी दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

### पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

### राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

## राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।

### डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

# शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

पुणे, एजेंसी



● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

### चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

# नीटः 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

नई दिल्ली, एजेंसी

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

### असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

# दुकान के सामने से एसयूवी हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

पठानकोट, एजेंसी

● वाहन के पास फेकी गई पर्ची में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा मिला: एसएसपी पठानकोट

पंजाब के पठानकोट में दुकान के सामने खड़ी एसयूवी कार से परेशान व्यक्ति ने हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पंजाब पुलिस ने इस मामले में रविवार को नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी एसयूवी में तोड़फोड़ हुई है। पुलिस के मुताबिक वाहन के पास कुछ पर्चे मिले, जिन पर पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने दो महीनों से किराने की दुकान के सामने खड़ी एसयूवी की खिड़कियों के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश की थी। नितिन ने एसयूवी हटवाने के लिए यह कहानी गढ़ी थी।

# दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का प्रयास

रीवा (मप्र), एजेंसी



● तीन के खिलाफ मामला दर्ज एक आरोपी गिरफ्तार

सड़क निर्माण का विरोध कर रही दो महिलाएं को बजरी गिराकर जिंदा गाड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस ने रविवार को तीन के खिलाफ मामला दर्जकर एक को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वयं संज्ञान लेते हुए पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

घटना शनिवार को मंगावा थाने के हिनोता जोरोट गांव में घटी। पुलिस ने पारिवारिक विवाद को इसका कारण बताया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में दो महिलाएं बजरी लदे ट्रक के पीछे बैठी हैं, जिसे उन पर गिराया जा रहा है। एएसपी विवेक लाल ने बताया कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं और वह बजरी के नीचे दब गईं।

एडीजी (कानून व्यवस्था) जयदीप प्रसाद ने बताया कि शिकायतकर्ता आशा के अनुसार विवाद उनके रिश्तेदार गोकरण के साथ जमीन से जुड़ा हुआ है और जब उस जमीन पर सड़क बनाई जा रही थी तो उन्होंने अपनी एक रिश्तेदार के साथ इसका विरोध किया तो ट्रक चालक ने उन पर बजरी गिरा दी, जिससे वह दब गई और ग्रामीणों ने उन्हें निकाला। एसपी विवेक सिंह ने बताया कि ट्रक को जब्त किया गया है। मामले के अन्य की तलाश जारी है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध का मामला संज्ञान में आया, जिसमें कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

# देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है।

### केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है। सिंह ने कहा कि पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और जान जोखिम में क्यों डालेगा।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं: रेड्डी

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है और केंद्र मांग को पूरा करने के लिए शुष्क ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता बढ़ाकर दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। हमने आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला उत्पादन में आमतौर पर मानसून के मौसम में बाधा आती है।

### खाद्य सुरक्षा के लिए 300 से अधिक अधिसूचनाएं

**नई दिल्ली।** भारत ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, पशुओं और पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जनवरी, 2020 से अबतक 300 से अधिक अधिसूचनाएं जारी की हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। ये अधिसूचनाएं स्वच्छता और वनस्पति स्वास्थ्य उपायों (एसपीएस) तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के तहत जारी की जाती हैं।

### सेब के आयात पर 100% शुल्क लगाने की मांग

**श्रीनगर।** भारतीय सेब किसान संघ (एएफएफआई) ने रविवार को किसानों को बचाने के लिए सेब के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की मांग की। कुलगाम जिले में सेब किसानों के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद माकपा नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि सरकार को सेब उद्योग का निगमीकरण रोकना चाहिए और किसानों को बचाने के लिए 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिए। मांग की कि खुदरा मूल्य 50% न्यूनतम खरीद मूल्य के रूप में भुगतान किया जाए।

# आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

## सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

नई दिल्ली, एजेंसी




● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

### आयात पर अकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

# शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

# माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

नई दिल्ली, एजेंसी

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

### सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

# बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित



**अमृत विचार :** प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95 मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।

**पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश :** खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267 .2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242 .2 मिमी हुई। 2023-24 में 253 .5 मिमी (94 .9%) और 2022-23 में 81 .8 मिमी (30 .6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

**इन फसलों का आच्छादन :** धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36।

**तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश**

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

## ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



● भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है।

जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 385 का लक्ष्य, रूट और ब्रूक के शतक

नॉटिंघम, एजेंसी

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाने वाले इंग्लैंड ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के सामने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 385 रन का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 248 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। तब रूट 37 और ब्रूक 71 रन पर खेल रहे थे। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड निचले मध्य क्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बावजूद मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया।

वेस्टइंडीज के सबसे सफल गेंदबाज जॉडेन सील्स (97 देकर 4 विकेट) ने ब्रूक को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद रूट ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। ब्रूक ने अपनी पारी में 132 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके लगाए। जेसन होल्डर ने रूट

दूसरा टेस्ट



122 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटते जो रूट।

की पारी का अंत किया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने आठवें नंबर के विकेट के रूप में आउट होने से पहले 178 गेंद खेली और 10 चौके लगाए। निचले क्रम में गस एटकिंसन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीतकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

## युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

**गस्टाड (स्विटजरलैंड)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

## टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज



टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## खेल डायरी

### बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

### भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को हराया। अरिहंत के.एस. ने इवान हैरिस को हराया।

### कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

**बुडापेस्ट।** भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

### वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

**हिलवर्सम (नीदरलैंड)।** वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

# नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

## जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।




### तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

## आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

### सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की ओर से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

## बॉलीवुड हलचल



### वेदा का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ''वेदा'' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

### प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।''कल्कि 2898 एडी'' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

## भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

● महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

इससे पहले भारत की शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। उन्होंने 47 गेंदों में 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

### पाकिस्तान ने नेपाल को हराया

**दाम्बुला।** सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के शानदार अर्धशतक और मुनीबा अली के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को यहां नेपाल को 49 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपाल की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 108 रन ही बना पाई। पाकिस्तान ने 11 .5 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने इस मैच में बड़ी जीत से अपने नेट रन रेट में सुधार किया। उसके और नेपाल दोनों के समान दो-दो अंक हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए का अपना अंतिम मैच संयुक्त अरब अमीरात जबकि नेपाल को भारत से खेलना है।



पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### दक्षिण पश्चिम चीन में बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

**चेंगदू।** दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2 :30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

### जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

**हांगकांग।** जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04 :27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42 .71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145 .54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23 .9 किलोमीटर की गहराई पर था।

### बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

**ला पाज़।** बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया।

### छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

**कोलंबो।** श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एकदिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं।

### कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

**सिंगापुर।** कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है।

## सौंदर्यीकरण



रविवार को नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होने वाले यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के लिए सौंदर्यीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बनाई गई दीवार भित्तिचित्र के पास से गुजरता एक साइकिल चालक।

# ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। जबकि प्रधानमंत्री केपी ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।



काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

### देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नये प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया। जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। ओली ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए कहा, अगले दो वर्ष के लिए मैं सरकार का नेतृत्व करूंगा और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा शेष अवधि के लिए नेतृत्व करेंगे।

# अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

## बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।



ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

### अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

### बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर बीएसएफ

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है।

# इमरान की जान को जेल में खतरा : बुशरा बीबी

- रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है तथा खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को जेल में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में बुशरा ने अपनी जान के लिए भी खतरा बताया।

बुशरा के अनुसार, उन पिछली घटनाओं के मद्देनजर खान का जीवन खतरे में है जिनमें उन्हें कथित तौर पर जहर दिया गया और गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के उनके कानूनी अनुरोध का अदालत ने अभी तक समाधान नहीं किया है। जेल की स्थितियों के बारे में 49 वर्षीय बुशरा ने कहा कि 71 वर्षीय खान को गंदे हालात में रखा गया है और खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है।

## पाकिस्तान ने जर्मनी में वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को जर्मनी के फ्रैंकफुर्त स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की निंदा की। राजनयिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा करने में जर्मन अधिकारियों की विफलता की आलोचना भी की। विदेश मंत्रालय ने हमलावरों की राष्ट्रीयता का खुलासा किए बिना कहा कि शनिवार को हुई इस घटना में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में चूक हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वियना संधि, 1963 के तहत दूतावास परिसर की पवित्रता की रक्षा करना और राजनयिकों की सुरक्षा करना मेजबान सरकार की जिम्मेदारी है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

# यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

## नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

## पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

**चरिकर, अफगानिस्तान।** पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

# हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए, जिससे आस-पास के गांवों में छर्रे बरसने लगे। एनएनए ने अपनी खबर में कहा है कि इससे पास के गांव खरायेब में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में हालांकि हथियार के केन्द्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन माना जा रहा है कि यह हिजबुल्ला का था।

### हूती ने इज़रायल के इलियट पर हमले की पुष्टि की

**मास्को।** हूती के नाम से पहचाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने रविवार को पुष्टि की कि उसने इजरायल के दक्षिणी शहर इलियट में लक्ष्यों पर हमला किया है और लाल सागर में अमेरिकी कंटेनर जहाज पुंबा पर बैलिस्टिक मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी से हमला किया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सोशल मीडिया पर कहा, यमनी सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन के उम्म अल-रशरश क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया... जबकि नौसेना, यूएवी और यमनी सशस्त्र बलों की मिसाइल बलों ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ लाल सागर में अमेरिकी जहाज पुंबा को निशाना बनाते हुए एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया।

## दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है। यहां भी जिला प्रशासन के द्वारा निचले स्तर पर बसी बस्तियों में जलभराव स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## अमेरिकी चुनाव

**मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित**

# आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

वाशिंगटन, एजेंसी

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।



- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

### ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

**वाशिंगटन।** ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## अमेरिका में भारत के राजदूत की नियुक्ति का स्वागत किया

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है।

# पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

## निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।